तापमान

अधिकतम 35.5 डिग्री

न्यूनतम 15.7 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 9 मार्च 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



नगर निगम कार्यालय टाउन हाल का मेन गेट पिछले दिनों धराशायी हो गया था। अब इस गेट का पुनर्निर्माण किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### शासन को जवाब देने के लिए दो सप्ताह का समय

**बिलासपुर।** मिशन अस्पताल परिसर स्थित भवन में तोड़फोड़ की कार्रवाई को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। शासन ने मामले में लिखित जवाब दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा, जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया है। अब इस प्रकरण की अगली सुनवाई 24 मार्च से शुरू होने वाले सप्ताह में होगी। इससे पहले, क्रिश्चियन वुमन बोर्ड ऑफ मिशन ने हाईकोर्ट में अपील दायर कर बताया था कि संभागायुक्त न्यायालय से अपील खारिज होने के बाद उन्होंने सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन पुनर्वास विभाग के समक्ष पुनः अपील की थी। इसके बावजूद भवन में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस पर जस्टिस बी. डी. गुरु की सिंगल बेंच ने आदेश जारी करते हुए कहा था कि अपील का 15 दिनों के भीतर निराकरण किया जाए और तब तक तोड़फोड़ की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए।

### केबल जला, ढाई घंटे बंद रही बिजली

**बिलासपुर।** गोलबाजार क्षेत्र में अचानक केबल में आग लग गई। इस दौरान शार्ट सर्किट के अंदेशे को देखते हुए बिजली विभाग ने एक साथ कई फीडरों को बंद कर दिया। केबल जलने के कारण सरजू बगीचा, तेलीपारा, मध्यनगरी क्षेत्र सहित अन्य फीडरों में सप्लाई ठप रही। करीब 1.30 बजे से 4 बजे तक क्षेत्र में बिजली बंद रही। इस दौरान गर्मी के चलते लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी।

## जिला पंचायत में पूरे दिन रहा गहमागहमी का माहौल

# भाजपा के राजेश बने जिला पंचायत अध्यक्ष, सिर्फ एक वोट से जीते चुनाव, ललिता बनीं उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला पंचायत में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में कांटे की टक्कर हुई। भाजपे के राजेश सूर्यवंशी केवल एक वोट से चुनाव जीतकर अध्यक्ष बने, राजेश को 9 वोट और कांग्रेस की सतकली बावरे को 8 वोट मिले। इसी तरह जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के स्मृति श्रीवास के 7 वोट के मुकाबले भाजपा के ललिता कश्यप को 9 मिले और ललित उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुईं। उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस का एक वोट प्रतिक्षेपित हुआ।

जिला पंचायत में आज भारी गहमागहमी के बीच अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। सबसे पहले सुबह 11 बजे से अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया हुई, जिसमें भाजपा की ओर से राजेश सूर्यवंशी और कांग्रेस से श्रीमती सतकली बावरे द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। नामांकन के लिए एक घंटा समय दिया गया था, उसके बाद दोपहर में मतदान हुआ। अध्यक्ष पद के लिए कड़ा मुकाबला रहा और केवल एक वोट से हार-जीत तय हुआ। इसमें भाजपा के राजेश सूर्यवंशी के पक्ष में 9 सदस्यों ने वोटिंग की, जबकि कांग्रेस के श्रीमती सतकली बावरे के पक्ष में 8 वोट ही पड़े। इस तरह एक वोट के अंतर से भाजपा के राजेश सूर्यवंशी जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। इसके बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए दोपहर 2 से 3 बजे के बीच नामांकन हुआ, जिसमें भाजपा की ओर से श्रीमती ललीता संतोष कश्यप और कांग्रेस से श्रीमती स्मृति त्रिलोक श्रीवास ने नामांकन दाखिल किया। इसके पश्चात दोपहर 3. 40 बजे उपाध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ। इसमें भाजपा के ललिता कश्यप के पक्ष में 9 सदस्यों ने वोटिंग की, वहीं कांग्रेस के स्मृति श्रीवास के पक्ष में 7 वोट पड़े, जबकि एक वोट प्रतिक्षेपित किया गया। इस तरह दो वोट के अंतर से भाजपा की ललिता उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हो गई। शाम को जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद का परिणाम आते ही नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी और उपाध्यक्ष ललिता कश्यप को फूल-माला पहनाकर बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया।



जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य सदस्य।

### ये हैं जिला पंचायत के 17 सदस्य

| | |
|---|---|
| राजेश सूर्यवंशी, अध्यक्ष | - भाजपा |
| श्रीमती ललिता कश्यप, उपाध्यक्ष | - भाजपा |
| अनुसुईया जागेन्द्र कश्यप | - भाजपा |
| गोविंद राम यादव | - भाजपा |
| श्रीमती भारती माली | - भाजपा |
| अम्बिका विनोद साहू | - भाजपा |
| श्रीमती अरूणा चन्द्रप्रकाश सूर्या | - भाजपा |
| राधा खिलावन पटेल | - भाजपा |
| निरंजन पैकरा | - भाजपा |
| श्रीमती स्मृति श्रीवास | - कांग्रेस |
| श्रीमती अनिता शुक्ला | - कांग्रेस |
| शिवेन्द्र प्रताप कौशिक | - कांग्रेस |
| राजेन्द्र धीवर | - कांग्रेस |
| दामोदरकांत | - कांग्रेस |
| सतकली बावरे | - कांग्रेस |
| रजनी मरकाम | - कांग्रेस |
| जयकुमारी प्रभु जगत | - कांग्रेस |

### आखिरी समय में तय हुआ प्रत्याशी

कांग्रेस ने तो जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए पहले से ही श्रीमती सतकली बावरे और उपाध्यक्ष के लिए श्रीमती स्मृति त्रिलोक श्रीवास को अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया था, लेकिन भाजपा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष प्रत्याशियों का फैसला आज चुनाव के ठीक पहले हुआ। जिला पंचायत में चुनाव शुरू होने के ठीक पहले भाजपा कार्यालय में नवनिर्वाचित सदस्यों की बैठक हुई, जिसमें राजेश सूर्यवंशी का नाम अध्यक्ष पद के लिए तय हुआ। अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद उपाध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती ललिता कश्यप का नाम दोपहर में उपाध्यक्ष चुनाव के पहले घोषित किया गया।

### आते-जाते रहे भाजपा के सदस्य

सुबह 11 बजे भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी राजेश सूर्यवंशी को गाड़ी लेकर पार्टी के लोग जिला पंचायत पहुंचे और नामांकन दाखिल करने के बाद गाड़ी में वहां से ले गए। इसी तरह मतदान के दौरान गाड़ियों में सारे सदस्य एक साथ जिला पंचायत पहुंचे और वोटिंग करने के बाद वहां से चले गए। उपाध्यक्ष पद के लिए फिर जिला पंचायत पहुंचे और उसके बाद वहीं परिणाम आते तक ठहरे रहे, जबकि कांग्रेसी सदस्य वहीं भीतर बैठे रहे। इस तरह भाजपा समर्थित सदस्यों का आना-जाना चलता रहा, क्योंकि केवल एक ही वोट का सवाल था।



# भाजपा के विनोद सोनी चुने गए निगम के निर्विरोध सभापति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम बिलासपुर के नए सभापति के रूप में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के पार्षद विनोद सोनी निर्विरोध चुने गए हैं। वार्ड क्रमांक 30 के पार्षद विनोद सोनी का नाम सभापति पद के लिए बीजेपी ने पहले ही तय कर लिया था, हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा बाकी थी। कांग्रेस ने इस पद के लिए अपना कोई प्रत्याशी नहीं उतारा, जिससे विनोद सोनी को बिना किसी मुकाबले के यह पद हासिल हो गया।

■ पहले से ही तय था निर्वाचन, कांग्रेस ने नहीं उतारा मैदान में कोई उम्मीदवार

ध्यान रहे कि बिलासपुर नगर निगम के कुल 70 वार्डों में से 49 वार्डों में बीजेपी के पार्षद हैं, जबकि कांग्रेस के पास 18 पार्षद और निर्दलीय पार्षदों की संख्या 3 है। पहले से ही बहुमत में होने के कारण बीजेपी का सभापति बनना तय माना जा रहा था, लेकिन कांग्रेस ने भी इस पद के लिए कोई प्रत्याशी नहीं उतारा, जिससे चुनाव की प्रक्रिया आसान हो गई। कलेक्टर की अध्यक्षता में आयोजित नगर पालिक निगम के प्रथम सम्मेलन में अपील समिति के चार सदस्यों के लिए भी सिर्फ चार पार्षदों ने ही नामांकन भरा था। इस तरह सभी चार पार्षद लक्ष्मी यादव, श्याम कार्तिक वर्मा, अंजनी कश्यप और मोहन श्रीवास भी निर्विरोध सदस्य निर्वाचित किए गए।

### ताम्रकार बने प्रस्तावक, मौर्य का समर्थन

पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में आयोजित इस कार्यक्रम में अध्यक्ष (स्पीकर) और अपील समिति के 4 सदस्यों के लिए निर्वाचन दोपहर तीन बजे से निर्धारित था। सभी 70 वार्डों के पार्षदों के उपस्थित होने के बाद कलेक्टर एवं पीठासीन अधिकारी अवनीश शरण ने निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ करते हुए निर्वाचन की पूरी जानकारी दी। जिसके बाद नाम निर्देशन की प्रक्रिया को प्रारंभ किया गया। इसमें वार्ड क्रमांक 30 के पार्षद विनोद सोनी ने अध्यक्ष (स्पीकर) पद के लिए नामांकन भरा। श्री सोनी के प्रस्तावक पार्षद विजय ताम्रकार और समर्थक पार्षद बंधु मौर्य बने। विनोद सोनी के अलावा किसी और ने नामांकन नहीं भरा। जिसके बाद विनोद सोनी को निर्विरोध अध्यक्ष (स्पीकर) निर्वाचित होने की घोषणा पीठासीन अधिकारी द्वारा की गई और प्रमाण पत्र सौंपा गया।

### इस तरह हुई पूरी प्रक्रिया

पूरी प्रक्रिया पर नजर डालें तो शनिवार को निगम का पहला सम्मेलन दोपहर 3 बजे देवकीनंदन दीक्षित सभा भवन में हुआ। इस दौरान दोपहर 3 से 3.10 बजे तक सभापति के निर्वाचन की कार्यवाही का विवरण दिया गया। दोपहर 3.30 से 4.30 बजे तक निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किया गया। शाम 5 से 5.30 तक का समय नाम वापसी के लिए था। शाम 5.30 से 6.30 बजे तक सभापति और 4 सदस्यीय अपीलीय समिति के लिए निर्वाचन हुआ। शाम 6.30 बजे निर्वाचित सभापति और निर्वाचित अपीलीय सदस्यों की घोषणा की गई।

# चेकिंग में पकड़े जाने से शराबी ने मचाया हंगामा

**बिलासपुर।** वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर बाइक सवार शराबी युवक अपने आपको को पूर्व मंत्री का रिश्तेदार बताते हुए धौंस दिखाकर हंगामा मचाने लगा। ट्रैफिक पुलिस ने उसे पकड़कर सिविल लाइन पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया है।

शनिवार की शाम ट्रैफिक पुलिस महाराणा प्रताप चौक में वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार को रोका गया। वह नशे में था और अपने आपको एक पूर्व मंत्री का दामाद बताते हुए हंगामा मचाने लगा। ट्रैफिक पुलिस ने घटना की सूचना सिविल लाइन पुलिस को दी गई। पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंचकर उक्त बाइक सवार मुंगेली निवासी सूर्यकांत आडिल को थाने ले जाकर उसका डाक्टरी मुलाहिजा कराया गया, जिसमें शराब पीने की पुष्टि हुई। बाइक सवार अत्याधिक नशे में होने से थाने में भी वह जमकर हंगामा मचा रहा था, जिससे उसे अलग से रूम में बैठाकर रखा गया। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, शराब पीकर गाड़ी चलाते पकड़े पर हंगामा मचाने वाले युवक को थाने भेजा गया है। मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई कर युवक को परिजन के हवाले कर दिया गया है।





# बाघिन के हमले से जू कीपर घायल

**बिलासपुर।** कानन पेण्डारी की बाघिन ने नाइट जू कीपर को पंजा मारकर घायल कर दिया। कीपर को इलाज के लिए कर्मचारियों ने सिम्स में भर्ती कराया है। घायल जू कीपर पिछले 11 सालों से काम कर रहा है।

कानन पेंडारी जू में शनिवार की शाम एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। जू में मौजूद बाघिन आनंदी ने जू कीपर आशीष कौशिक पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान बाघिन ने जू कीपर के हाथ को पूरी तरह से जख्मी कर दिया। घायल कीपर को इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मालूम हो कि जू कीपर पिछले 11 वर्षों से कार्यरत है और बाघिन आनंदी को 4 वर्षों से भोजन दे रहा था। जानकारी के अनुसार जू में जगह कम होने के कारण बाघिन को रेस्क्यू सेंटर में रखा गया था। जू कीपर आशीष कौशिक ने बताया कि रात करीब 7.30 बजे बाघिन को देखने गया था। अंधेरा होने के कारण वह दिखाई नहीं दे रही थी। नाम पुकारने के बाद भी वह सामने नहीं आई। डंडे से पिंजरे के राड को माना तो मेरा हाथ फंस गया। तभी बाघिन आनंदी सामने आई और मेरे हाथ पर पंजा मार दिया।

■ रेस्क्यू सेंटर में रखी गई हैं बाघिन

# फरार गांजा तस्कर गिरफ्तार



बाइक सवार युवक से 8 किलो गांजा जब्त

ओडिशा से ला रहे थे गांजा

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

**बिलासपुर।** वाहन चेकिंग के दौरान 11 किलो गांजा के साथ पकड़े गए बाइक सवार के दो फरार साथियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

गुरूवार को दोपहर 12 बजे ट्रैफिक पुलिस ने अजाक थाना के सामने वाहन चेकिंग के बाइक सवार गनियारी निवासी विकास वर्मा को पकड़कर 11 किलो गांजा बरामद किया था। वहीं उसका साथी फरार हो गया था। सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, आरोपी के फरार साथी गनियारी निवासी समीर वर्मा व गांजा मंगाने वाले संदीप वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# कालोनी की सुविधाओं और मेंटनेंस के लिए अब सोसाइटी ही होगी जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ रेरा ने कॉलोनियों और फ्लैट्स के हस्तांतरण और मेंटनेंस चार्ज को लेकर स्पष्ट नियम जारी किए हैं। अब कॉलोनी या फ्लैट का निर्माण पूरा होने के बाद उसे पंजीकृत सोसाइटी को सौंपना अनिवार्य होगा। हर आवंटित व्यक्ति को तय मेंटनेंस चार्ज का भुगतान करना होगा, अन्यथा उसे ब्याज सहित बकाया चुकाना पड़ेगा। नई गाइडलाइन के मुताबिक सोसाइटी कॉलोनी की सुविधाओं और मेंटनेंस के लिए जिम्मेदार होगी।




रेरा के निर्देश, मेंटनेंस चार्ज नहीं देने वालों पर लगेगा ब्याज

कालोनी का मेंटनेंस चार्ज नहीं दिया तो होगी कार्रवाई

छत्तीसगढ़ भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) की ओर से कहा गया है कि किसी भी कॉलोनी या फ्लैट के निर्माण के बाद इसे एक पंजीकृत सोसाइटी को सौंपा जाता है। यह सोसाइटी कॉलोनी की सुविधाओं और मेंटनेंस के लिए जिम्मेदार होगी। इसके साथ ही प्रत्येक आवंटित व्यक्ति को तय मेंटनेंस चार्ज देना जरूरी होगा। अगर कोई व्यक्ति मेंटनेंस चार्ज नहीं देता, तो सोसाइटी इस मामले को रेरा के समक्ष रख सकती है। ऐसे मामलों में बकाया राशि पर ब्याज सहित भुगतान करना होगा। इसके साथ ही मेंटनेंस चार्ज की दरों में बदलाव से संबंधित मामलों की सुनवाई सहकारिता अधिनियम के तहत की जाएगी।

### रेरा के नए नियम क्यों हैं जरूरी

दरअसल कई सोसाइटीज में मेंटनेंस चार्ज को लेकर विवाद होते हैं। रेरा ने इस नियम से फ्लैट मालिकों और सोसाइटी दोनों को राहत दी है। अब बकाया राशि की वसूली का कानूनी आधार होगा। इसके साथ ही अब कोई भी फ्लैट या प्लॉट लेने से पहले मेंटनेंस चार्ज की शर्तों को समझना जरूरी होगा। मेंटनेंस चार्ज न देने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती है।




नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

8 MARCH- BSP-PG-2_Layout 1 3/9/2025 1:05 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### अटल विश्वविद्यालय ने निधि को दी पीएचडी



बिलासपुर। अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय ने निधि तिवारी को बॉटनी विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। निधि ने असेसमेंट ऑफ फिजिको केमिकल पैरामीटर्स ऑफ म्युनिसिपल वेस्ट वाटर एंड इट्स इंपैक्ट ऑन दी ग्रोथ ऑफ स्पाइसेज प्लांट्स पर शासकीय ई राघवेंद्र राव विज्ञान महाविद्यालय में पदस्थ डॉ. उत्तरा तिवारी के निर्देशन में पूर्ण किया है। निधि रिटायर्ड प्रो अरुण कुमार तिवारी की पुत्री एवं शासकीय महाविद्यालय पामगढ़ में पदस्थ डॉ आशीष तिवारी की बहन हैं।

### कान्यकुब्ज बैसवारी फाग का समाज के लोगों ने जमकर लिया आनंद



बिलासपुर। कान्यकुब्ज ब्राहमण समाज का बैसवारी फाग का आयोजन सदर बाजार स्थित योगेश तिवारी के निवास स्थान पर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्ध नागरिक माता बहनों ने फाग गीतों का जमकर आनंद लिया। होली फाग गीतों पर जमकर लोगों ने ठुमके लगाए। एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। अपनी खुशियों का इजहार किया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि हर साल की भांति इस साल भी कान्यकुब्ज ब्राहम्ण समाज के लोग इस कार्यक्रम में शामिल होकर एकजुटता का परिचय दिया। यह कार्यक्रम पूरी तरह हंसी व खुशनुमा माहौल में मना। महिला मंडल ने भी इस दौरान फाग गीतों का आनंद लेती नजर आईं। इस अवसर पर समाज के स्वप्निल शुक्ला, मनोज शुक्ला, रंजन शुक्ला, रंजन दीक्षित का एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। सनातनी परंपरा को निभाते हुए इस सभ्यता कायम रखते हुए समाज का व्यस्वरी फाग का आयोजन लगभग आजादी के समय से हो रहा है। आज की युवा पीढ़ी इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान देती रही है। इस अवसर पर योगेश तिवारी, संजय तिवारी, शरद तिवारी, राकेश तिवारी, अक्षय तिवारी ने बढ़ चढ़कर अतिथियों का सम्मान किया।

### संघर्ष समिति द्वारा किया जाएगा सांकेतिक भूख हड़ताल



बिलासपुर। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने राज्य के बजट में बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के उन्नयन और विकास के लिए 300 करोड़ रूपए की मांग की है। इसे लेकर समिति 12 मार्च को एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल का निर्णय लिया है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि 4सी एयरपोर्ट के लिए 300 करोड़ रुपए की राशि की आवश्यकता है, समिति ने बजट के पूर्व भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी से सार्वजनिक अपील की थी लेकिन बजट में निराशा ही हाथ लगी है। समिति ने इस मामले को आम लोगों के साथ ही सरकार तक पहुंचाने के लिए 12 मार्च को एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल करेगी। पांच सदस्य एवं सहयोगी संगठनों द्वारा सुबह 10 बजे से भूख हड़ताल किया जाएगा। शनिवार को धरना प्रदर्शन जारी रहा, इस दौरान विजय वर्मा, संतोष पीपलवा, जसवीर सिंह चावला, रामशरण यादव, महेश दुबे टाटा, मनोज तिवारी,अशोक भंडारी, नवीन वर्मा, रमाशंकर बघेल, प्रेमदास मानिकपुरी उपस्थित रहे।

### आयुर्वेद चिकित्सा में 5 दिवसीय निःशुल्क शिविर का समापन आज



बिलासपुर। आयुर्वेद चिकित्सा एवं पंचकर्म संस्थान में 5 मार्च से शुरू 5 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर का समापन 9 मार्च को होगा। डाक्टर मनोज चौकसे ने बताया कि इस शिविर में सभी प्रकार के रोग जैसे पाइल्स, फिशर, फिस्टुला आदि की चिकित्सा परामर्श दिया जाएगा। सभी रोगी सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक जांच करा रहे थे। 9 मार्च को रविवार को यह जांच सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे की जाएगी। इस 5 दिवसीय शिविर में आए सभी रोगियों जिनकी संख्या लगभग 375 है। रविवार को रोगी मिलकर इनमें से 12 रोगियों का नाम चिट पद्धति से 9 मार्च को रविवार दोपहर 3 बजे निकालकर रोगी की सुविधाअनुसार शल्य चिकित्सा क्षारसूत्र से कराई जाएगी। राज्य का यह पहला आयोजन है जो हर साल गत 11 वर्ष से आयोजित किया जा रहा है। इसमें शल्य चिकित्सा का पूरा व्यय संस्था द्वारा वहन किया जाता है। पहल यह शिविर वर्ष में एक बार जिसमें 12 रोगियों की चिकित्सा की जाती थी। अब वर्ष 2025 से साल में 2 बार कुल 24 रोगियों की निःशुल्क शल्य चिकित्सा संस्था द्वारा कराई जाएगी।

### सिविल डिफेंस को दिया गया अग्निसुरक्षा प्रशिक्षण

बिलासपुर। जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर की सिविल डिफेंस की स्पेशल टीम ने रेलवे स्टेशन के गेट नम्बर 1 के समीप स्थित डोम में अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में आग लगने की स्थिति से निपटने के लिए कर्मचारियों और यात्रियों को जागरूक एवं प्रशिक्षित करना था। टीम के विशेषज्ञों सदस्यों ने आग बुझाने के विभिन्न तरीकों, अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग व सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में आग लगने की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया और सुरक्षित निकासी की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। इससे लोग जागरूक हुए। इसकी लोगों ने जमकर सराहना की।

# अशोक नगर के 50 से अधिक मकान खस्ताहाल, अब निगम मरम्मत पर खर्च करेगा 4 करोड़ रुपए, हितग्राही भी जमा नहीं कर रहे आबंटन शुल्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत अशोक नगर करोड़ों रुपए खर्च कर बनाए गए मकानों में से कई को अभी तक आवंटित नहीं किया जा सका है। इस वजह से गरीबों के लिए बनाए गए घर अब आवंटित होने से पहले ही खस्ताहाल होने लगे हैं। इतना ही नहीं कुछ मकानों में तो अब नेशेड़ियों ने भी अड्डा जमा लिया है। अधिकतर लोगों द्वारा 75 हजार रुपए आवंटन शुल्क नहीं जमा कर पाने की वजह से यह मकान अब भी खाली पड़े हुए हैं।

खास बात है कि जर्जर हो चुके इन करीब 50 से अधिक मकानों की मरम्मत करने से भिलाई की की ठेका कंपनी ने मना कर दिया है, जबकि मेंटेनेंस 5 साल तक इसी को करना था। अब नगर निगम अलग से इन मकानों में सुधार कार्य के लिए 4 करोड़ रुपए का टेंडर निकालने जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि इस राशि की कटौती भिलाई की ठेका कंपनी को किए जाने वाले भुगतान से की जाएगी। दरअसल, बिलासपुर के अशोक नगर में झुग्गीवासियों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत



58 करोड रुपए की लागत से 1232 पक्के मकान बनाए गए हैं। कॉलोनी के अंदर कंक्रीट रोड, स्ट्रीट लाइट, मकानों में खिड़की, दरवाजे और बिजली जैसी सभी सुविधाओं की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। इन मकानों में से लेकिन कई का अभी तक आवंटन नहीं हो सका हैं। इधर, मकानों का आवंटन नहीं होने के कारण इनकी देख रेख सही ढंग से नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से मकान अब खस्ताहाल होने लगे हैं। खिड़की, दरवाजे टूट रहे हैं। वही कुछ मकानों में नशेड़ियों ने अड्डा जमाकर रख लिया है।

### आवंटन शुल्क नहीं पटाने अटका है पजेशन

जानकारी के अनुसार, नए बने 1232 मकानों में 1228 मकानों का सत्यापन हो गया है लेकिन आवंटन शुल्क जमा नहीं करने के कारण इसका पजेशन अब तक अटका हुआ है। नए बने मकानों के आवंटन के लिए 75 हजार रुपए का आवंटन शुल्क निर्धारित है, जिसके बाद ही हितग्राहियों को मकान का पजेशन दिया जाना है लेकिन हितग्राही आवंटन शुल्क अब जमा नहीं कर पा रहे हैं। इस मामले में अधिकारियों का कहना है कि 330 हितग्राही ऐसे हैं जिन्होंने केवल 5 हजार रुपए का पंजीयन शुल्क ही दिया है। ऐसे में निर्धारित शुल्क जमा करने के बाद ही मकानों का आवंटन किया जा सकता है।

### 50 फीसदी काम अब भी अधूरा

गौरतलब है कि शहर में करीब 13000 झुग्गी वासियों के लिए पक्के मकान बनाने का लक्ष्य है। केंद्र और राज्य सरकार की स्वीकृति भी मिल चुकी है लेकिन इसका 50 फीसदी काम अब भी अधूरा है। प्रत्येक मकान में केंद्र सरकार के डेढ़ लाख, राज्य सरकार का ढाई लाख और लाभार्थी का अंश 75 हजार है। जिसमें दो कमरे, लेट-बाथ और किचन युक्त पक्के मकान की लागत 4.75 लाख रुपए है। बिजली पानी सड़क की व्यवस्था भी इसमें शामिल है।

### गंदगी के बीच रहने को मजबूर गरीब परिवार

नगर निगम के अधिकारियों की अनदेखी के चलते इन आवासों में रहने वाले परिवार इन दिनों जर्जर आवासों में हादसे की आशंका और गंदगी के बीच रहने के लिए मजबूर है। लोगों ने बताया कि सी ब्लॉक के सामने गंदे पानी की निकासी के लिए अब तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। जिसके चलते यहां पर हमेशा गंदा पानी जमा रहता है। वहीं इसके सफाई के लिए कोई इंतजाम नहीं है।

**कुछ मकानों में है मरम्मत की जरूरत**

पीएम आवास के तहत बने कुछ मकानों में मरम्मत की जरूरत है। भिलाई की कंपनी ने इसमें काम करने से इंकार कर दिया है। इसलिए सुधार के लिए नए सिरे से टेंडर किया जाएगा। बिजली, पानी की व्यवस्था भी ठीक कराई जाएगी।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

# निशान यात्रा के साथ खाटू श्याम मंदिर में फागुन उत्सव शुरू



पंचमुखी हनुमान खाटू श्याम मंदिर मसानगंज से निकली निशान यात्रा।



शोभायात्रा में शामिल समाज के लोग।

बिलासपुर। पंचमुखी हनुमान खाटू श्याम मंदिर मसानगंज में फागुन उत्सव का आगाज हुआ।

पहले दिन शनिवार को राधा-कृष्ण मंदिर से खाटू श्याम की निशान यात्रा भोलेनाथ, हनुमानजी, राधा-कृष्ण की झांकी के साथ निकाली गई जो कि मारवाड़ी लाइन, गोलबाजार, तेलीपारा, बस स्टेण्ड, अग्रसेन चौक, सत्यम चौक होते हुए मंदिर पहुंची। यहां भक्तों ने 320 निशान अर्पित किया। 3 रथ खाटू का जोत एवं एक अन्य गाड़ी विग्रह लेकर चल रही थी। अंत में भण्डारा रखा गया। जिसमें हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

■ **आज होगा श्याम पाठ**

रविवार 9 मार्च को श्याम पाठ होगा। सोमवार 10 मार्च को भजन संध्या आयोजित की जाएगी। 11 मार्च को भगवान श्याम को सवा मनी प्रसाद लगाए जाएंगे। वहीं घोंघाबाबा मंदिर परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार 9 मार्च से फागुन उत्सव मनाया जाएगा।

## नए वित्तीय वर्ष में अचल संपत्ति का बाजार मूल्य बढ़ने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस बार नए वित्तीय वर्ष अप्रैल से अचल संपत्ति जमीन के बाजार मूल्य बढ़ने की संभावना है। अचल संपत्ति के बाजार मूल्य निर्धारण के लिए नया गाइड लाइन तैयार करने पंजीयन विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

■ **बाजार मूल्य संबंध में नया गाइड लाइन तैयार करने का आदेश पहुंचा**

इस संबंध में पंजीयन महानिरीक्षक द्वारा जिला मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष सभी कलेक्टरों को पत्र भेजा गया है और जिला मूल्यांकन समिति स्तर की समस्त कार्यवाही एवं केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को प्रस्ताव भेजने कहा गया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अचल संपत्ति के बाजार मूल्य के लिए दरों का पुनरीक्षण किया जाना है। इसके लिए निर्देश दिए गए हैं कि सभी जिलों के जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक बैठक कर प्रचलित मूल्य रूझान के बारे में चर्चा कर लें ताकि समरूप सिद्धांतों के आधार पर पंजीयक बाजार मूल्य बन सके।

### पटवारियों से ली जाएगी जानकारी

संपत्ति के बाजार मूल्य के बारे में जानकारी पटवारियों द्वारा तहसीलदारों के माध्यम से दी जाएगी। अन्य जानकारियां जैसे निर्माण, लागत, शासकीय विक्रय, नीलामी विक्रय आदि की जानकारी समिति द्वारा संबंधित कार्यालयों से एकत्रित की जाएगी। इसी तरह दर निर्धारण के लिए विगत दो वर्ष में हुए अधिकतम मूल्य के संव्यवहार के दरों को विचारण में लिया जाए। वार्डों के अद्यतन परिसीमन आधार पर ही गाइड लाइन दर तैयार की जाएगी।

### 40 फीट चौड़ी सड़क मुख्य मार्ग में आएगा

किसी रिहायशी कालोनी या मुहल्ले में 40 फीट से अधिक चौड़ाई की सड़क मुख्यमार्ग मानी जाएगी। इसके अलावा इससे कम चौड़ाई की सड़क जो दो इलाकों को जोड़ने वाली परंपरागत सड़क के रूप में प्रयुक्त होती हो, वह भी मुख्य मार्ग मानी जाएगी। रोड से लगकर स्थित व्यवसायिक काम्पलेक्स या आवासीय काम्पलेक्स के लिए केवल रोड का ही दर प्रस्तावित किया जाएगा। रोड से अंदर का दर प्रस्तावित नहीं किया जाएगा।

## शिक्षा व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र के समग्र विकास की कुंजी : तोखन



बिलासपुर। शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव समारोह में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

उन्होंने ने भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और स्वामी विवेकानंद के उच्च शिक्षा व युवाओं की भूमिका पर दिए गए विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा न केवल रोजगार का माध्यम है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण और राष्ट्र के समग्र विकास की कुंजी भी है। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'गारंटी' के तहत शिक्षा और युवाओं के विकास के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार उच्च शिक्षा को सुलभ और रोजगारपरक बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सीएम विष्णुदेव साय के सुशासन मॉडल की भी सराहना की और राज्य में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। केन्द्रीय मंत्री ने उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ये युवा भविष्य के राष्ट्रनिर्माता हैं। उन्होंने महाविद्यालय प्रशासन और शिक्षकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की और विशेष रूप से शैक्षणिक स्टाप की पहल के लिए धन्यवाद दिया, जिससे छात्रों को नई शैक्षिक संभावनाएं मिल रही हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य, संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रामदूत बस की पहली सीट पर विराजेंगे हनुमान, सारी सीटें बुक



बिलासपुर। रामनवमी पर भगवान श्रीराम के दिव्य दर्शन के लिए निशुल्क अयोध्या यात्रा का पंजीयन 5 से 6 घंटे में ही पूरा हो गया। सबसे पहले हनुमान जी के नाम पर सीट बुक हुई है।

प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उद्योगपति प्रवीण झा द्वारा आयोजित इस भव्य यात्रा में 1008 श्रद्धालुओं के लिए आरक्षित सभी सीटें भर गईं। जिसके बाद पंजीयन समाप्त कर दिया गया। खास मौके पर तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह,आआरएसएस के प्रदीप शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। आस्था और भक्ति के इस महासंगम में सीएमडी चौक स्थित पंजीयन केंद्र पर सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें नजर आईं। पांच अप्रैल को बिलासपुर से श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या के लिए रवाना होगा, जहां छह अप्रैल को वे श्रीरामलला के दिव्य दर्शन करेंगे और सात अप्रैल को वापस लौटेंगे।

रामलला के दर्शन के लिए शनिवार सुबह सीएमडी चौक, अपोलो सिटी सेंटर के बगल में पंजीयन शुरू किया गया। 1008 सीटों के मुकाबले तीन हजार से अधिक श्रद्धालु पंजीयन कराने पहुंचे। पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर सीट आवंटित किया गया। जो महज कुछ ही घंटों में भर गया। समाजसेवी प्रवीण झा द्वारा दूसरी बार आयोजित इस यात्रा में श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क एसी बस, उत्तम भोजन, ठहरने और सुरक्षा की संपूर्ण व्यवस्था की गई है। स्वयंसेवकों की टीम श्रद्धालुओं की देखभाल करेगी, जबकि मेडिकल टीम भी साथ रहेगी।

## श्रीश्री रविशंकर 11 को रायपुर आएंगे, निकली रैली



बिलासपुर। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के महासत्संग के लिए रायपुर आगमन पर बिलासपुर आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने बाइक रैली निकाली। रैली का शुभारंभ महापौर पूजा विधानी द्वारा रिबन काटकर किया गया। रैली का आयोजन शाम 5:30 बजे से सी.एम.डी. कालेज से प्रारंभ हुई शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए रिवर व्यू में समाप्त हुई। यहा पर आर्ट ऑफ लिविंग के ने सत्संग किया गया।

उक्त रैली में 200 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। 11 मार्च रायपुर साइंस कालेज में गुरुदेव के 6 बजे से आयोजित महासत्संग में भाग लेने की अपील की गई। इसके लिए प्रत्येक आर्ट ऑफ़ लिविंग सेंटर से दोपहर बस की व्यवस्था आने और जाने के लिए की गई। महासत्संग में ज्ञान, ध्यान एवं सत्संग गुरुदेव द्वारा कराया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी उपस्थित रहेंगे। यहां गुरुदेव द्वारा सोमनाथ मंदिर के प्राचीन शिवलिंग का दर्शन कराया जायेगा। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग की डीटीसी रूपा सिंह, सीनियर टीचर तेजपाल अरोरा, अजीत मिश्रा, विकास साहू, डॉ. श्वेता अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, प्रितपाल सिंह, हार्दिक कक्कड़, अंकित दवे, संदीप वर्जे, निवेदिता तिवारी, माधवी, श्रुती, आरती, धरमवीर सिंह, मदनगोपाल आदि उपस्थित थे।

**मोहल्ला लोक अदालत के लिए रवाना की मोबाइल वेन**

# चीफ जस्टिस ने रायपुर में नेशनल लोक अदालत का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ राज्य में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को रायपुर जिला न्यायालय में किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति ने मोहल्ला लोक अदालत के लिए मोबाइल वेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर के अनुरोध पर जिला न्यायालय रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित चीफ जस्टिस ने सभी को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत व अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महिलाओं को उनकी सहभागिता, सहयोग, योगदान की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। चीफ जस्टिस ने महिलाओं के सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि आज महिलाओं की धरती से लेकर अंतरिक्ष तक सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि नेशनल लोक अदालत पक्षकारों को अपना प्रकरण शीघ्र निराकरण कराने का एक मंच प्रदान करती है, जहां उनके विवादों का शीघ्र निराकरण हो सकता है।

उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों, विधि व्यवसायियों और पक्षकारों से आह्वान किया कि वे अधिक-से-अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रयास करें। उन्होंने नेशनल लोक अदालत के खण्डपीठ के पीठासीन अधिकारी एवं सदस्य, अधिवक्तागण, बैंक व बीमा कंपनी के प्रतिनिधिगण, पक्षकारगण, पैरालीगल वालेण्टियर समेत सभी हितधारकों का इस लोक कल्याण के कार्य में योगदान करने के लिए उत्साहवर्धन किया। चीफ जस्टिस ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भी भ्रमण किया गया। साथ ही हितग्राहियों को व्हील चेयर, ट्रायसायकल व श्रम कार्ड प्रदान किया।

### अन्य जिलों का वर्चुअल निरीक्षण

चीफ जस्टिस ने अम्बिकापुर, धमतरी, बिलासपुर, कांकेर, बालोद, बलौदाबाजार, बेमेतरा, दुर्ग, दन्तेवाड़ा, जांजगीर-चांपा के प्रधान जिला न्यायाधीशों से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर नेशनल लोक अदालत का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए मार्गदर्शन करते हुए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने उच्च न्यायालय बिलासपुर में नेशनल लोक अदालत के संबंध में गठित खण्डपीठों का भी वर्चुअल मोड से निरीक्षण किया और उच्च न्यायालय के खण्डपीठों के पीठासीन जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास एवं जस्टिस राकेश मोहन पाण्डेय से संवाद करते हुए लोक अदालतों की कार्यवाहियों का जायजा लिया गया।

### 34 लाख से अधिक प्रकरणों का हुआ निराकरण

छत्तीसगढ़ राज्य में उच्च न्यायालय से लेकर तालुका स्तर न्यायालयों के साथ - साथ राजस्व न्यायालयों में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में शाम पांच बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल 34 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 1300 करोड़ रूपए से अधिक का अवार्ड पारित किया गया। निराकृत उक्त प्रकरणों में प्री-लिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित बैंक रिकवरी, राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, विद्युत अधिनियम, श्रम संबंधी, भू अधिग्रहण, मोटर दुर्घटना दावा, वैवाहिक विवाद, चेक अनादरण, अन्य सिविल प्रकरण, ट्रैफिक चालान, राजस्व न्यायालयों के प्रकरण एवं जल कर, टेलीफोन एवं विद्युत के बकाया देयकों संबंधी, अधिकरणों व वाणिज्यिक न्यायालय के मामले शामिल हैं।

### अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में विचार एवं शोध के नए आयाम प्रस्तुत किए गए

बिलासपुर। सिद्धार्थ महाविद्यालय हरदी कला में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन 1 एवं 2 मार्च को ऑनलाइन गुगल मीट पर किया गया। कार्यक्रम में विषय शिक्षा, समानता, रोज़गार नए उद्यमिता एवं आर्थिक व्यावसायिक विकास जैसे विषयों पर देश एवं विदेश के विशेषज्ञों के द्वारा विचार एवं शोध प्रस्तुत किए गए । प्रथम दिवस मुख्य वक्ता डॉ. राजेन्द्र कुमार नई दिल्ली, मुख्य अतिथि एयू के कुलपति प्रो. एडी एन वाजपेयी, प्रो. एमडी ज़हिर उद्दीन आरिफ, मार्केटिंग जगन्नाथ विवि ढाका, बांग्लादेश द्वारा इस सम्मेलन में बेहतर आयोजन और कैसे नई उन्मुखीकरण कार्यक्रम जैसे बातों को सुझाव दिए। सिद्धार्थ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. चन्द्राणी तिवारी ने 35 से अधिक शोधार्थी, प्राध्यापक वर्ग ने प्रजेंटेशन दिया । 2 मार्च को मुख्य वक्ता कुलपति कोलंबो विवि श्रीलंका के प्रो . डॉ. एचडी. करुणारत्ने, प्रो. राम प्रषाद उपाध्याय नेपाल, डॉ तरुण धर दीवान एयू बिलासपुर, प्रो.राना लम्बू उच्च शिक्षा विभाग ग्रीक, डॉ. स्वाति जाजू, डॉ प्राची शर्मा रायपुर जुड़ी रहीं। कार्यक्रम में डॉ . अजय तिवारी, ब्रजेश कुमार उइके, दुर्गेश दुबे, सुमन पांजा , अविनाश भास्कर, जगदेव सिंह, तामेश्वरी चौहान इत्यादि महाविद्यालय के छात्र छात्राएं ऑनलाइन के माध्यम से जुड़े रहे।

हरिभूमि लाइव
महिला दिवस पर विशेष
बिलासपुर, रविवार 9 मार्च 2025

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शहर में हुए विविध आयोजन

बिलासपुर। शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शहर में विभिन्न आयोजन हुए जिसमें महिलाओं व अन्य गणमान्य नागरिकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर शहर में कार्यक्रम आयोजित कर विविध प्रतियोगियाताएं हुई। जिसमें विजेता महिलाओं का सम्मान किया गया। इसी तरह संगोष्ठी का आयोजन किया गया। महिला दिवस के अवसर पर कालेजों में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। विभिन्न निजी संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर वहां कार्यरत महिलाओं का सम्मान किया गया।



## महिलाएं चुनौतियों का मुकाबला कर बढ़ें आगे

एसईसीएल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विविध आयोजन हुए। महिलाओं से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर प्रतियोगिताएं कराई गई। अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। साथ ही यह संदेश दिया गया कि महिलाएं खुद पर भरोसा रख कर आत्मनिर्भर बन। जीवन में आने वाली चुनौतियों का डट कर मुकाबला करते हुए आगे बढ़ें।

8 मार्च महिला दिवस महिलाओं के लिए खास माना जाता है। इस दिन महिलाओं के सम्मान में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में एसईसीएल में महिला दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कॉर्पोरेट कोच, अभिनेत्री एवं भारत की पहली मिसेज वर्ल्ड डॉ. अदिति गोवित्रीकर ने महिलाओं को सफलता के मंत्र विषय पर एक विशेष वर्कशॉप ली और कहा कि महिलाओं को खुद पर भरोसा रखने, आत्मनिर्भर बनने और चुनौतियों का डटकर सामना करने के लिए प्रेरित किया। महिला कर्मचारियों के लिए आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी समां बांधा। एसईसीएल प्रबंधन ने इस आयोजन के माध्यम से कार्य स्थल पर महिलाओं की सशक्त भागीदारी को बढ़ावा देने और उनके योगदान को सम्मानित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में निदेशक तकनीकी संचालन सह योजना, परियोजना एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक कार्मिक बिरंची दास, निदेशक वित्त डी सुनील कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन सहित कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला कर्मी उपस्थित रहे।



## सीएमडी महाविद्यालय में हुई संगोष्ठी

सीएमडी महाविद्यालय में विश्व महिला दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महिलाओं को स्वयं अपनी सुरक्षा करनी चाहिए। सार्वजनिक क्षेत्र में अपने कार्य के माध्यम से महिलाएं सतत आगे बढ़ रहीं हैं।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उप वरिष्ठ सिग्नल कम्युनिकेशन कंस्ट्रक्शन एवं डिजाइन विभाग में पदस्थ अनुभा प्रकाश ने बताया कि कार्यशील महिलाओं को अपने कार्यक्षेत्र के साथ ही अपने घर परिवार की भी जवाबदारी दी होती है। उनका जीवन दोहरी भूमिका से गुजरती रहती है। डॉ श्रीमती के प्रसाद ने कहा कि अपने अंदर की इच्छा शक्ति से कार्य करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। शासी निकाय की सदस्य श्रद्धा दुबे ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में काम कर नाम शोहरत कमा रही है। डॉ नमिता श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं के अधिकारों को तेजी से सुनिश्चित करने के लिए उनके जीवन में संतुलन जरूरी है। प्रमुख प्रसव चिकित्सक डॉ ममता सलूजा ने कहा कि समय में महिलाओं को अपनी स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहना चाहिए। डॉ दीप्ति लाडीकर मिश्रा ने कहा कि लड़कियों को अपने आप में आत्मविश्वास होना चाहिए। डॉ कविता बब्बर ने कहा कि महिलाओं के ऊपर पूरा परिवार निर्भर होता है इसलिए महिलाएं अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सभी अतिथियों का शॉल, मोमेंटो देकर डॉ अंजली चतुर्वेदी ने स्वागत किया। अध्यक्ष डॉ संजय दुबे ने कहा कि बेहतर समाज और राष्ट्र की उन्नति के जिम्मेदारियां और पुरुषों की सम्मान भागीदारी आवश्यक है। अंत में महाविद्यालय के समस्त महिला प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।



## डॉ सीवी रमन विवि में हुई विविध प्रतियोगिताएं

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 3 से 9 मार्च तक सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इसमें फॉर ऑल वुमन एंड गर्ल्स :राइट इक्वलिटी इनपावरमट विषय पर कार्यक्रम किया गया। 7 दिनों तक विश्वविद्यालय में आयोजित भाषण, रंगोली, क्विज, वाद विवाद, पोस्टर प्रतियोगिता, स्वास्थ्य जागरूकता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि वर्षों पुराने महिलाओं को शिक्षा नहीं दी जाती थी, लेकिन उनमें संस्कार जरूर होते थे. यही कारण है कि समाज का निर्माण एक आदर्श समाज के रूप में सबके सामने होता था. आज शिक्षा के साथ संस्कार दोनों की आवश्यकता है, तभी हम एक आदर्श समाज का निर्माण कर सकेंगे। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बारे में जानकारी साझा की. कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि महिला और पुरुष के समर्पण को बदलते समय के साथ समस्या के रूप में देखा जाने लगा, यही इस असमानता के महसूस होने की जड़ है . उन्होंने कहा कि हम अपने अधिकारों के प्रति अधिक जागरूक हैं और कर्तव्य के प्रति विमुख हो रहे हैं .जबकि महिला और पुरुष के समन्वय को प्रकृति ने स्थापित किया है। हमें दोनों के समन्वय से ही काम करना होगा। मुख्य वक्ता केंद्रीय रेशम बोर्ड की वैज्ञानिक डॉ विशाका रेड्डी ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में सक्षम हैं .वे हर वर्ग किस बेहतर संबंध में से काम कर सकती हैं। सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट डॉ मार्टिना जॉन नाम महिलाओं को स्वस्थ रहने के संबंध में जानकारी दी। विश्वविद्यालय की एकेडमिक अधिष्ठाता डॉ जयति चटर्जी ने कहा कि हमें जेंडर इक्विटी के बारे में बात करनी चाहिए।

## फिजियोथेरेपी क्लिनिक में निःशुल्क परामर्श



महिला दिवस पर तिवारी फिजियोथेरेपी क्लिनिक ने 'मेनोपॉज सखी आपकी अपनी साथी' पहल के तहत महिलाओं के लिए निःशुल्क परामर्श सत्र आयोजित किया। इसमें डॉ. गरिमा तिवारी ने पीठ दर्द, कमर दर्द, मूड स्विंग्स, अनियमित पीरियड्स, थकान और अनिद्रा जैसी समस्याओं पर मार्गदर्शन दिया और पेल्विक फ्लोर थेरेपी, स्ट्रेस रिहैबिलिटेशन, ड्राई नीडलिंग, कपिंग थेरेपी व न्यूट्रिशनल सपोर्ट जैसी सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेनोपॉज एक महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें सही जानकारी और उपचार से संतुलन बनाए रखा जा सकता है। छत्तीसगढ़ का एकमात्र पेल्विक रेहब अब तिवारी फिजियोथेरेपी क्लिनिक में उपलब्ध है। वरिष्ठ डाइटिशियन कविता पुजारा ने बैलेंस डाइट के बारे में बताया और भोजन, कैलोरी के कॉन्सेप्ट को समझाया। कार्यक्रम का समापन केक कटिंग सेरेमनी के साथ हुआ। कार्यक्रम में डॉ. नेहा द्विवेदी का विशेष सहयोग रहा।

## आदर्श पंजाबी महिला संस्था वृद्धाश्रम पहुंची



आदर्श पंजाबी महिला संस्था के सदस्यों ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जोरापारा स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर महिलाओं के साथ महिला दिवस मनाया। यहां रहने वाली 16 महिलाओं को उनके जरूरत के सामान दिया। साथ ही वार्डन गायत्री तिवारी को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं नए वस्त्र देकर सम्मानित किया। आदर्श पंजाबी महिला संस्था की अध्यक्ष पम्मी गुंबर, संस्थापिका शशि आहूजा,सचिव श्रद्धा खंडूजा,कोषाध्यक्ष रेशम कौर गंभीर,ज्योति खंडूजा,नीतू चावला, लक्की चावला,मीनू भोगल, रूबी वाधवा पूर्व अध्यक्ष दलजीत कौर सलूजा ने वृद्धाश्रम में रहने वाली 16 महिलाओं को नये वस्त्र, नेपकिन, राशन आटा, चावल, शक्कर, चायपत्ती, छाछ, फल, बिस्किट, गुझिया, चाकोली एवं साबुन, बाम, आयोडेक्म सहित अन्य जरूरत का सामान दिया। इस दौरान वहां रहने वाली महिलाएं काफी खुश नजर आई। खुश होकर उन्होंने गाना गाये एवं डांस भी किए। संस्था द्वारा केयर-टेकर गायत्री से केक भी कटवाया गया। महावीर बरगाह ने संस्था का बहुत धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

## आईसीएआई भवन में महिला दिवस का आयोजन

महिलाओं का हुआ सम्मान



इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की बिलासपुर शाखा में महिला दिवस मनाया गया। महिला सशक्तिकरण, नेतृत्व और वित्तीय स्वतंत्रता पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। मुख्य अतिथि महापौर पूजा विधानी ने महिलाओं की उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान पर अपने विचार साझा किए। मुख्य वक्ता रेखा आहूजा एवं रूपसी अजमानी ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए वित्तीय साक्षरता, करियर ग्रोथ और नेतृत्व कौशल पर जोर दिया। आईसीएआई बिलासपुर शाखा के अध्यक्ष सीए मनीष सखूजा, कोमल भागवानी, समीक्षा गोयल, नेहा अग्रवाल, कृति जाजोदिया, योगिता दयलानी एवं सीए हरप्रीत कौर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### जिला पुलिस ने किया पूर्वी का सम्मान

महिला दिवस पर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देशन में जिला पुलिस बिलासपुर ने पूर्वी दुबे का सम्मान किया। ज्ञात हो कि पूर्वी खुद की खर्च से जरूरमंद बीमार, असहाय लोगों का उपचार कर दवाई देती है। वे एक नर्सिंग स्टाफ है और समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। शहर की निचली बस्ती में रहने वाली वृद्ध महिलाओं की सेवा में पहुंच जाती है। अस्पताल जाने में असमर्थ लोगों को खुद हॉस्पिटल ले जाकर अपने देखरेख में उपचार करती है। पूर्वी दुबे ने बताया कि वृद्ध माताओं व बीमार की सेवा करने से प्रसन्नता मिलती है। जो दूसरों के दुःख दर्द में सहायक होता है उसे कभी कष्ट नहीं होता है।

### चौकसे ग्रुप की महिला शाखा ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया महिला दिवस



चौकसे ग्रुप ऑफ कालेजेस की महिला शाखा के सदस्यों ने दिव्यांग बच्चों के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। कालेज में प्रतिवर्ष 8 मार्च को विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। इस बार की थीम तेजी से कार्यवाही करे तय की गई थी। इस अवसर पर महाविद्यालय में महिला शाखा द्वारा केक काटकर महिला दिवस की शुरूआत की गई। महाविद्यालय के आईसीसी सेल महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. शुभ लक्ष्मी तिवारी के साथ नेशनल फेडरेशन ऑफ ब्लाइंड, ज्ञानदीप स्पर्श कन्या विद्यालय व अभिलाषा परिसर में रहने वाले दिव्यांग बच्चों ने इस विशेष दिन को धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने गीत, संगीत, नृत्य, नाटक एवं विभिन्न खेलों का लुफ्त उठाया।

## रक्तदान शिविर में शामिल हुए मेयर व कलेक्टर



भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन प्रार्थना सभा भवन में किया गया । कार्यक्रम में महापौर पूजा विधानी और कलेक्टर एवं रेडक्रॉस के अध्यक्ष अवनीश शरण, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार शामिल हुए। रक्तदान शिविर में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और 167 यूनिट रक्तदान किया। कलेक्टर अवनीश शरण ने भी इस अवसर पर रक्तदान किया। यह तीसरा अवसर है जब रेडक्रॉस द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में कलेक्टर ने रक्तदान किया है। महापौर पूजा विधानी ने रक्तदान महादान जैसे पुनीत कार्य में सहयोग करने की अपील की। कलेक्टर ने महिला को रक्तदान करने प्रेरित किया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में बृजेंद्र शुक्ला, डॉ.बी एल गोयल, सुरेंद्र गुम्बर, अमरजीत सिंह दुआ, डॉ राजीव अवस्थी, डॉ एम ए जीवनी, सौरभ सक्सेना, आदित्य पांडे, लक्ष्मी नारायण मिश्रा, मनीष मिश्रा, सुशील राजपूत, सुश्री गीतेश्वरी चंद्रा, सुश्री नेहा राय, सुश्री रचना राय, सुश्री नॉरिस जेहरा के साथ सिम्स जिला चिकित्सालय एवं एकता ब्लड बैंक की टीम उपस्थिति रही।

## पुलिस स्टाफ की महिलाएं हुईं सम्मानित



पुलिस लाइन स्थित मीटिंग हॉल में कलेक्टर अवनीश शरण, एसपी रजनेश सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री कुमार एवं एडशिनल एसपी अर्चना झा ने महिला दिवस पर नगर सेना, महिला परामर्श केंद्र सहित पुलिस स्टाफ की महिलाओं का सम्मान किया। बच्चों से केक भी कटवाए गए।

## शांतिनिकेतन स्कूल में शिक्षिकाओं का सम्मान



शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल सिरगिट्टी में महिला दिवस पर कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य निलेश गुप्ता ने स्कूल की सभी महिला शिक्षिकाओं का श्रीफल, शॉल देकर सम्मान किया। सम्मानित होने वालों में शहनाज बेगम, रजिया खातुन, प्रभा साहू, संजू सिंह, लिलेश्वरी पोर्ते, प्रिया राजपूत, बिंदेश्वरी पाल, ममता सिंह, अंजली यादव, वर्षा जाधव, वृहस्पति निर्मलकर, संध्या महानंद शामिल रहीं।

## बहनों को शिक्षा के साथ बनाएं संस्कारवान



अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति की बहनों ने बिलासपुर इकाई की जिलाध्यक्ष शशि शर्मा के निवास बिरकोना में महिला दिवस मनाया। महिला की खुद से पहचान विषय पर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष नारी प्रकोष्ठ ने कहा कि बहनों को संस्कारवान बनाएं। शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी है। शहर अध्यक्ष गुंजा पांडेय ने कहा कि बहनों को अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए।

## वृद्धाश्रम में गायन कार्यक्रम



विप्र फाउंडेशन बिलासपुर महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्षा कोमल संतोष शर्मा के नेतृत्व में महिला दिवस पर कल्याण कुंज वृद्धा आश्रम में वृद्ध महिलाओं के साथ गायन कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संरक्षक शिवानी शर्मा, सचिव सपना शर्मा, कोषाध्यक्ष नेहा शर्मा, महामंत्री डॉली शर्मा, सहसचिव पूनम शर्मा, सांस्कृतिक प्रभारी रोमा शर्मा, तारा शर्मा का सहयोग रहा।

## रेल्वे महिला कर्मियों का सम्मान



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शांता फाउंडेशन परिवार ने रेलवे अनारक्षित टिकट केंद्र बिलासपुर में कार्यरत महिलाओं का शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर रेलवे विभाग में कार्यरत महिला सफाईकर्मी सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## महिला कांग्रेस के पदाधिकारियों का महिला दिवस



महिला कांग्रेस की पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महिला दिवस मनाया। महिला पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। अभा महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा एवं प्रदेश अध्यक्ष फूलो दीव नेताम व जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस सीमा घृतेश, पिंकी बत्रा ने जिला महिला कांग्रेस के नेतृत्व में महिला दिवस मनाया जिपं सदस्य अनिता शुक्ला, सतकली बावरी आदि उपस्थित थे।

## हरिभूमि में महिला कर्मियों का सम्मान



गौरव पथ रिंग रोड नंबर 2 स्थित हरिभूमि कार्यालय में महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सबसे पहले महाप्रबंधक प्रियंक सिंह परिहार ने प्रेस की महिला स्टाफ को दिवस की शुभकामनाएं देकर पुष्पगुच्छ से सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में तारणी शुक्ला, अंजना शर्मा, रेखा साहू, राजेश्वरी दुबे, नाजिया, निधि, मुनमुन, आशा जोगी शामिल रहीं।

## हर महिलाएं जानें अपना अधिकार : अमिषा



नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी में महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अधिवक्ता सुश्री अमिषा सिन्हा उपस्थित रही। भारत में महिलाओं के कानूनी अधिकार विषय पर बोलते हुए सुश्री सिन्हा ने कहा कि हर महिलाओं को अपना अधिकार जानना जरूरी है। दहेज निषेध अधिकार नियम 1961 के तहत दहेज लेना या देना अपराध है।

## नारी सम्मान का प्रतीक है महिला दिवस



बिलासपुर श्री चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य समाज गुप्ता महिला मण्डल ने शनिवार को सामाजिक भवन करबला में महिला दिवस पर आयोजन किया। अध्यक्षा मधु गुप्ता, सचिव वीणा बबली गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिल्पा गुप्ता ने महिला दिवस व होली मिलन आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के गेम्स और हाउजी का आनंद लिया।

## कॉमन रूम व झूलाघर वात्सल्य की मिली सौगात



जिला कार्यालय में कार्यरत महिला कर्मचारियों के लिए यह अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस यादगार साबित हुआ। बरसो पुरानी उनकी मांग आज पूरी हुई। उन्हें कॉमन रूम और झूलाघर वात्सल्य की सौगात मिली। जिला कार्यालय के मंथन हॉल के ऊपर कक्ष के एक हिस्से में कॉमन रूम और झूलाघर का कलेक्टर अवनीश शरण ने आज इसका शुभारंभ किया।

## स्वतंत्र व्यवसाय से जुड़ीं महिलाओं का सम्मान



महिला दिवस पर चर्च ऑफ ख्राइस्ट वुमेंस फेलोशिप ने स्वतंत्र व्यवसाय से जुड़ीं महिलाओं का मोमेंटो देकर सम्मान किया एवं उन्हें उनके व्यवसाय के लिए प्रोत्साहित किया ताकि महिलाएं स्वालंबी बन सके। कार्यक्रम में उपस्थित चन्द्रकला वालेबर मास्टर ट्रेनर रूरल सेल्फ एंपालयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट ने शासन की योजनाओं की जानकारी दी।

8-MAR--REGNOL-pg-4-COMMAN_Layout 1 3/8/2025 11:39 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### आज संस्कार लुप्त हो रहे है, हमें जागृत होने की आवश्यकता: आचार्य




**गौरेला।** अखंड ज्योति जन्म शताब्दी वर्ष एवं नारी सशक्तिकरण वर्ष पर गौरेला के वार्ड क्रमांक 10 टीकर कला में 24 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। आयोजन के पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर शिव मंदिर में कलश में जल भरकर वापस यज्ञ स्थल पहुंची। गायत्री महायज्ञ के पहले दिन आचार्यों ने वेदी पूजन कर 24 कुंडलीय गायत्री महायज्ञ का कार्यक्रम संपन्न कराया। पहले दिन 24 यजमानों के द्वारा यज्ञ पूजन एवं हवन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आचार्य ने नारी सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त करते हुए मानव जीवन के सभी 16 संस्कारों की जानकारी प्रदान की। उक्त आयोजन 7 मार्च से 10 मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम में लगातार बड़ी संख्या में भक्त शामिल हो रहे हैं। नगर पालिका परिषद गौरेला के अध्यक्ष मुकेश दुबे, भाजपा नेता रामप्रकाश सिंह, भाजपा नेता और पार्षद प्रतिनिधि तापस शर्मा भी गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए और आचार्यों का आशीर्वाद लिया।

### इंडियन पब्लिक स्कूल में मना वार्षिक उत्सव



**मुंगेली।** इंडियन पब्लिक स्कूल लिम्हा का वार्षिक उत्सव सरपंचों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नव-निर्वाचित सरपंच उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए इंडियन स्कूल पब्लिक स्कूल के संचालक एसके आचार्य ने कहा कि यह स्कूल ग्रामीण क्षेत्र में भारतीय संस्कृति के विकास के उद्देश्य पर अंग्रेजी भाषा का एकमात्र स्कूल है। जिसमें भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देना उद्देश्य है। एस. के आचार्य ने कहा कि इस वर्ष से स्कूल 4 अनाथ बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा प्रतिवर्ष देने का निर्णय लिया है। 10,000/- रूपए प्रतिवर्ष का स्कॉलरशिप प्रति कक्षा में एक बच्चे को दिया जावेगा। इस वर्ष से कक्षा 3 री से नवोदय एवं मिलिट्री स्कूल में प्रवेश हेतु नि:शुल्क कोचिंग प्रदान किया जा रहा है। मंच का संचालन शिक्षक घनश्याम बंजारे के द्वारा किया गया। सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती भूरीबाई मेहर सरपंच रोहरा ने कहा कि स्कूल अपने भारतीय संस्कृति को विद्यार्थियों को सिखाने में सफल रहा है। जिससे बच्चों में भारतीयता का व्यवहार विकसित हो रहा है। वार्षिकोत्सव में सभी बक्षाओं के बच्चों ने उच्च गुणवत्ता के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें नृत्य (समूह) में कक्षा 4 थी व 5वी के छात्र-छात्राओं को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

### बाल विवाह मुक्त भारत बनाने एक दिवसीय कार्यशाला



**जरहागांव।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' एवं बाल विवाह मुक्त भारत की थीम पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने रंगोली व लघु नाटक के द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत बनाने की थीम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष नरेश पटेल ने कहा कि आंगनबाड़ी के माध्यम से एक शिशु शारीरिक, मानसिक गतिविधियों के साथ शैक्षणिक गतिविधियों में भी आगे बढ़ाता है। शिशु एक कच्चे मिट्टी की भांति होता है जिन्हें जिस रूप में ढालना चाहें ढाल सकते हैं। इस कार्य को आंगनबाड़ी के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चाहे लड़की हो या लड़का बालिग होने के पश्चात ही विवाह करे। इस विषय पर आंगनबाड़ी की कार्यकर्ताओं के द्वारा घर-घर जाकर कर लोगों जागरूक किया जाता रहा है। यह आयोजन महिलाओं के उत्थान एवं आगे बढ़ने में सहायक साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान सीएमओ चंद्रभूषण बांधे, पदमन क्षत्रिय, पार्षद संजय धुरी, राकेश सिंह बेस, सुरेश सिंह ठाकुर सहित सेक्टर प्रभारी की उपस्थिति रही।

### स्वास्थ्य शिविर में 345 की जांच उपचार किया गया




**दगोरी।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी के तत्वाधान में समर्पित लिंक वर्कर योजना बिलासपुर, लक्षित हस्तक्षेप परियोजना बिलासपुर के द्वारा बिल्हा के वार्ड 11,12,13 के डोडकी भाटा, आमापारा, सामुदायिक भवन, टीनाखोली में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।जांच उपचार ग्रामीण चिकित्सा सहायक राजेश सिंह द्वारा किया गया। शिविर में 345 की जांच उपचार किया गया।इस दौरान मरीज की बीपी,सुगर,एचआईवी, एस टी आई इत्यादि भी जांच कर दवा दिया गया।एच आई वी एड्स जागरूकता कार्यक्रम के तहत उनके होने व बचाव की भी जानकारी दिया गया।राज्य परियोजना संचालक डी डी टी आई विक्रांत वर्मा,नगर पंचायत अध्यछा श्रीमती वंदना जेंद्रे,पार्षद सतीश शर्मा,मोहन ढोरिया इत्यादि की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने संस्था की परियोजना संचालक श्रीमती नाजनीन अली,टी आई की पी एम संगीता वर्मा,जोनल सुपरवाइजर भागवत प्रसाद वर्मा,वालेंटियर सहयोगी हेमंत यादव, बबलू वर्मा, प्रीति कौशिक, शारदा यादव, रूना राजे सहित लिंक वर्कर पंचूराम श्रीवास,गंगोत्री राजपूत, महंत विश्वनाथ दास,दशरथ सन्नाट,महेश निषाद इत्यादि ने सहयोग प्रदान किया।

## शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

# महिलाएं हर संघर्षों से जूझकर बढ़ रही हैं आगे: खेर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में शनिवार को महिला दिवस के अवसर पर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान वर्ष भर होने वाले विविध साहित्यिक, सांस्कृतिक, एवं क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। महिला दिवस पर संस्था की सभी महिला अधिकारियों-कर्मचारियों एवं छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए प्राचार्य डॉ राजीवशंकर खेर ने कहा कि महिलाओं को किसी एक दिवस की दरकार नहीं है, बल्कि हर दिन महिलाओं का ही दिन होता है।

महिलाएं संघर्षों से जूझकर आगे बढ़ रही हैं, जो उनके सशक्त होने के लिए आवश्यक है। हमारे समाज में महिलाओं की सशक्त तथा महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए हम सभी का फर्ज बनता है कि हमें महिला के हर एक रूप मां, पत्नी, बेटी, दोस्त, बहन का दिल से सम्मान करें। उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं दी और निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। पोस्ट ग्रेजुएशन व ग्रेजुएशन स्तर पर विगत वर्ष महाविद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, विश्वविद्यालय की टीम में चयनित महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय कैंप में सहभागिता देने वाले स्वयंसेवको को जनभागीदारी मद से पुरस्कृत किया गया। खेल गतिविधियों के अंतर्गत विकास सूर्यवंशी को तैराकी, नेहा को राष्ट्रीय महिला कबड्डी, हितेश कुमार एवं राजेश कुमार को पुरुष कबड्डी, प्रियंका को खो-खो, ओमप्रकाश एवं गरिमा ने विश्वविद्यालय के टीम में शामिल होकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इसी तरह राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व करने वाले दिव्या साहू एवं मिथिलेश श्रीवास को भी सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। अर्थशास्त्र विभाग के छात्र राहुल भगत को जेआरएफ व नेट उत्तीर्ण करने पर मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ राजीव शंकर खेर ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो डॉ रघुनंदन पटेल, प्रो मुरलीधर स्वर्णकार, प्रो श्वेता पांड्या, डॉ शुभ्रा मिश्रा, वंदना श्रीवास्तव, डॉ के वेणु अचारी, डॉ रामप्रसाद चंद्रा, प्रो जीवन प्रभाकर गोरे, अरविंद प्रताप सिंह क्रीड़ा अधिकारी, डॉ हेमपुष्पा नायक, प्रो शत्रुहन घृतलहरे, स्वाति पांडे, शुभांगी शर्मा, सुमन कुमार, दीपेश जोशी, कमलेश सिंह, सुकृति नायक आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान रहा।



महिला दिवस पर बेटियां हुई सम्मानित।

### महिलाओं की शिक्षा, आत्मनिर्भरता पर चर्चा



**मुंगेली।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन दो सत्रों में किया गया। पहले सत्र में विद्यालय के छात्र-छात्रा एवं शिक्षकों के मध्य महिलाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मसुरक्षा एवं भागदारी तथा आत्मनिर्भरता पर चर्चा की गई। दूसरे सत्र में संविधान प्रदत मौलिक अधिकारों का संरक्षण एवं बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण तथा जिला इकाई के विस्तार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नेशनल ह्यूमन राइट्स, एंटी क्राइम एंड एंटी करप्शन ब्यूरों के प्रदेश अध्यक्ष घासीदास भारद्वाज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज सेविका शांति भास्कर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्यूरो के रायपुर संभाग जनसंपर्क अधिकारी सुरेन्द्र यादव, अजय मसीह, अधिवक्ता सुशील पात्रे जिलाध्यक्ष बिलासपुर एवं प्रदेश जनसंपर्क अधिकारी महिला विंग सुश्री खलिफा डहरिया रही। कार्यशाला को सुरेन्द्र यादव, अजय मसीह, खलीफा डहरिया, खुमान वर्मा एवं दयाशंकर निषाद ने भी संबोधित किया। मुख्य अतिथि स्टेट ब्यूरो चीफ घासीदास भारद्वाज ने कहा कि आज अत्यंत हर्ष का विषय है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुंगेली जिला इकाई का गठन कर रहे हैं। हमारे संगठन लोगों को अधिकारों के प्रति जागरूक करने, बढ़ते अपराध को नियंत्रित करने तथा भ्रष्टाचार को जड़ मूल से नष्ट करने का काम कर रही है नशा अपराध और भ्रष्टाचार का जड़ है, इसे नष्ट करना हमारा दायित्व है। मुंगेली जिले के जिलाध्यक्ष नियुक्त करने व जिला इकाई के विस्तार करने के लिए कार्यक्रम के आयोजक राजेन्द्र दिवाकर को सर्वसम्मति से अधिकृत किया गया। अंत में संस्थान द्वारा महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ महिला श्रीमती शांति भास्कर एवं कार्यक्रम की मुख्यअतिथि स्टेट ब्यूरो चीफ घासीदास भारद्वाज का शाल व श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर संस्था के छात्र-छात्रा, शिक्षक-शिक्षिका, अभिभावक, संस्था के पदाधिकारी एवं मुंगेली, पथरिया, बिलासपुर, बिल्हा, भाठापारा, सिमगा, नवागढ़, बेमेतरा आदि स्थानों से ब्यूरो के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच संचालन राजेन्द्र दिवाकर व आभार प्रदर्शन व्यवस्थापक एचआर भास्कर ने किया।

### महिला रसोइया एवं सफाईकर्मियों को किया गया सम्मानित



**लोरमी।** ग्राम लालपुर कला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर सफाई महिला कर्मचारियों एवं रसोइयों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच रामगोपाल कश्यप ने अनीता राजपूत शिक्षिका, रसोइया परेटन बाई यादव, रामप्यारी यादव, मानकुंवर निर्मलकर, मिलापा बाई यादव, स्वीपर शिवमती कश्यप को उत्कृष्ट कार्य तथा कक्षा चौथी की छात्रा टिकेश्वरी को चित्रकला में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विजय ध्रुव, दरबार सिंह राजपूत, धर्मेंद्र सिंह, युगल राजपूत, योगेश्वर कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे ।



### प्रभात फेरी मंडली ने किया महिलाओं को सम्मानित

**मस्तूरी।** विश्व महिला दिवस पर शनिवार को प्रभात फेरी मंडली खैरा जयरामनगर ने सुबह के समय भजन-कीर्तन में सहयोग करने वाली, धर्म-कर्म में रुचि रखने वाली तथा अपने परिवार, सामाज को सहयोग से उन्नति के रास्ते में लाने वाली महिलाओं को सौंदर्य सामाग्री, अंग वस्त्र देकर व मुंह मीठा करा कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर दुलौरिन सिदार, रामकुमारी खुशरो, प्रमिला साहू, चंद्रिका जगत, ईश्वरी साहू, जानकी साहू, जमुना निर्मलकर, ननकी केंवट को आनंदराम साहू, सीताराम पटेल, संजय कुमार यादव, मोहित पाल, आशीष राम साहू, लखन यादव रामनाथ साहू, धनीराम यादव, अनिल उपाध्याय, अर्जुन पटेल समेत प्रभात फेरी मंडली द्वारा सम्मानित किया गया।

### महिलाओं को सम्मानित कर दिया गया जल संरक्षण का संदेश




**पथरिया।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पथरिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं जल जीवन मिशन से जुड़ी महिलाओं का सम्मान किया गया। जल जीवन मिशन के तहत महिला जन जल जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष कलेक्टर राहुल देव एवं सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता कुंदन राणा के निर्देशन में जिले में महिलाओं ने जल एवं संरक्षण एवं संवर्धन, जल प्रबंधन, भूजल संवर्धन को बढावा देने संगोष्ठी का आयोजन किया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली




**पेंड्रा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर से कलेक्टर कार्यालय तक तालुका विधिक सेवा समिति के बैनर तले रैली निकाली गई।

तालुका विधिक सेवा समिति की अगुवाई में अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति अग्रवाल, व्यवहार न्यायाधीश एकता अग्रवाल, न्यायाधीश सीमा रैली निकाली गई। रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना, शिक्षा एवं अन्य क्षेत्र में नारी शक्ति को आगे बढ़ाने एवं आत्मनिर्भर बनने हेतु प्ररित करना था। इस दौरान महिलाओं ने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' क्योंकि बेटी पढ़ेगी तभी आगे बढ़ेगी। महिलाएं दो परिवारों को आपस में जोड़ती है, अगर लड़की नहीं पढ़ी रहेगी तो उसको अपने अस्तित्व का ज्ञान नहीं रहेगा। महिलाओं ने सरकार से महिलाओं को हर क्षेत्र में आरक्षण देने की मांग की। साथ ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध को लेकर भी महिलाओं को जागरूक करने और अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई। सभी महिलाएं रैली के माध्यम से कलेक्टर कार्यालय पहुंची और अपने क्षेत्र में महिलाओं की समस्याओं के बारे में अवगत कराया।

## महिलाओं की स्थिति में हो रहा सुधार




**जरहागांव।** मानव सेवा दल मुंगेली के द्वारा नगर पंचायत बरेला में महिला सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएमओ चन्द्रभूषण बांधे एवं पार्षद जगदीश साहू राज साहू रहे। कार्यक्रम में पार्षद सुनीता विजय दीवान, पिंकी गजानंद निर्मलकर, जया रमेश पटेल, उमा साहू को श्रीफल व वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि समिति की ओर से आयोजित महिला सम्मान कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। समाज मे महिलाओं का सम्मान करना बहुत जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे समाज में जन्म से लेकर मृत्यु तक महिलाओं की अहम भूमिका होती है। सभी कार्यो में निपुणता दिखाने के बावजूद आज के इस आधुनिक युग में भी महिलाएं पुरुषों से पीछे खड़ी नजर आती हैं। पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं की योग्यता को पुरुष से कमतर आंका जाता है। आज भी लोगों को अपनी सोच बदलने की जरूरत है। सरकार द्वारा अनेक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने के बावजूद महिलाओं का जीवन पुरुषों की तुलना में जटिल नजर आता है। अगर हम आज की महिलाओं की स्थिति की तुलना पौराणिक समाज की स्थिति से करें तो साफ नजर आता है कि स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। मानव सेवा दल के उप जिला प्रमुख शिवा साहू ने कहा कि मानव सेवा दल मुंगेली द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान करने पर हमें गर्व महसूस हो रहा है।

### जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ

**मुंगेली।** इस वर्ष के प्रथम नेशनल लोक अदालत में कुल 10027 प्रकरण निराकृत हुए तथा 1 करोड़ 41 लाख 43 हजार 512 रूपये अवार्ड राशि रही। वर्ष 2025 के प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय, एवं राजस्व न्यायालय में किया गया। जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ चन्द्रकुमार अजगल्ले, जिला न्यायाधीश द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय में कुल 5 खंडपीठ तहसील न्यायालय लोरमी में 01 खडपीठ तथा राजस्व न्यायालय में कुल 08 खंडपीठ का गठन किया गया है। नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित कुल प्रकरण 1535 एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरण 13902 कुल 15437 सुनवाई हेतु रखे गये है। जिनमें से न्यायालय में लंबित कुल 1076 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं 93,76,941 रूपये राशि अवार्ड पारित किया गया है एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में कुल 8951 प्रकरणों का निराकरण किया जाकर 47,66,571 रूपये के राशि का अवार्ड पारित किया गया।



### डॉ रमन ने किया 'नदी से संवाद' पुस्तक का विमोचन

**लोरमी।** ग्राम छीतापार की प्राचार्या एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अलका यादव की पुस्तक 'नदी से संवाद' का विमोचन छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। डॉ रमन सिंह ने कहा कि यह पुस्तक नदियों और समाज के रिश्ते को समझने में सहायक होगी और हमें प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाएगी। विधायक धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला और मंत्री केदार कश्यप ने भी डॉ अलका यादव के योगदान की प्रशंसा की और उनके साहित्यिक सफर की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी, बुद्धिजीवी और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विमोचन समारोह के साथ-साथ पुस्तक पर परिचर्चा भी हुई, जिसमें वक्ताओं ने 'नदी संवाद' के विषयों और इसकी प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री केदार कश्यप एवं राजेंद्र नगर बिलासपुर के पार्षद संजय यादव उपस्थित रहे।

### जागरूकता शिविर में 30 बच्चों को दी गई खुराक

**लोरमी।** ग्राम सेमरसल में राष्ट्रीय एनीमिया जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर के तहत कुल 97 बच्चों को लाभान्वित हुए। इस अवसर पर 30 बच्चों की एनीमिया की जांच की गई और उन्हें दवाइयां वितरित की गई। डॉक्टर संदीप कुमार श्रीवास ने बताया कि आयुर्वेद में एनीमिया के उपचार के लिए आंवला, अश्वगंधा, गिलोय, मुनक्का और चुकंदर जैसे प्राकृतिक तत्वों का सेवन लाभकारी होता है। इसके अलावा, आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से तैयार लोह भस्म, मंडूर भस्म और नवायस लौह जैसी औषधियों का उपयोग शरीर में आयरन की कमी को दूर करने में सहायक होता है।

### नपा अध्यक्ष सहित वार्ड पार्षदों ने की तोखन से मुलाकात

**मल्हार।** नगर पंचायत अध्यक्ष धनेश्वरी धनेश्वर कैवर्त के नेतृत्व में भाजपा के सभी वार्डों के पार्षद व मंडल पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओ ने केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से बिलासपुर में सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के लिए आभार जताते हुए नगर विकास को लेकर चर्चा की। पदाधिकारियों ने मल्हार महोत्सव के आयोजन को लेकर बजट सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं को श्री साहू के सामने रखा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार तथा राज्य की विष्णुदेवदेव साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य रहेगा। साथ ही नगर विकास के लिए सभी संभावनाओं को तलाश कर धर्मनगरी में व्यवस्थित काम होगा। इस अवसर पर पार्षद सुशील चौबे, कमलेश गोलू सिंह, मिलु राम कैवर्त, रमेश यादव, सपना मिथुन यादव, आशुतोष वर्मा, रामफल कांत, मंडल अध्यक्ष राजकुमार साहू, पूर्व मंडल महामंत्री राजकुमार वर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## नूतन को 33, अधिकृत प्रत्याशी हितानंद को मिले 18 वोट

# कोरबा निगम में उलटफेर, बागी ने जीता सभापति चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम सभापति चुनाव में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार को हराकर भाजपा के ही बागी प्रत्याशी नूतन सिंह ठाकुर नए सभापति चुन लिए गए हैं। नूतन सिंह ठाकुर ने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी हितानंद अग्रवाल को हराया है। नूतन सिंह ठाकुर को 33 वोट, बीजेपी के अधिकृत उम्मीदवार हितानंद अग्रवाल को 18 और निर्दलीय प्रत्याशी अब्दुल रहमान को 16 वोट मिले। इस प्रकार नूतन सिंह ठाकुर 15 वोट से निगम सभापति का चुनाव जीतने में सफल हुए।

शहर की राजनीति में गजब खेला हो गया। भाजपा बनाना चाहती थी किसी और को निगम सभापति, लेकिन पार्षदों ने ऐसा चक्कर चलाया कि सभापति कोई और बन गया। कमाल की बात ये है कि सभापति चुनाव में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी हितानंद अग्रवाल को किसी और से नहीं, बल्कि अपनी ही पार्टी के बागी प्रत्याशी के हाथों मात खानी पड़ी। दरअसल हुआ यह कि कोरबा नगर निगम में शनिवार को सभापति का चयन होना था। भाजपा से कई नामों पर चर्चा चल रही थी, परंतु पार्टी ने हितानंद अग्रवाल को अपना अधिकृत प्रत्याशी बनाया। सूत्र बताते हैं कि भाजपा पार्षदों को संगठन द्वारा लिया गया यह निर्णय मंजूर नहीं था, लिहाजा पार्षदों ने भाजपा कार्यालय में आयोजित बैठक में बागी तेवर दिखाते हुए मौके पर ही हंगामा किया। और फिर आनन-फानन में भाजपा के वार्ड क्रमांक 6 नेता नूतन सिंह ठाकुर को अपना नेता चुन लिया। समर्थन मिलता देख पार्षद नूतन सिंह ठाकुर ने भी सभापति के लिए नामांकन दाखिल कर दिया। इधर भाजपा को दो फाड़ होते देख निर्दलीय पार्षद अब्दुल रहमान की उम्मीदें भी जाग गईं। उन्होंने भी सभापति के लिए निर्दलीय नामांकन दाखिल कर दिया। सभापति के लिए तीन प्रत्याशियों द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने के बाद चुनाव अधिकारी ने मतदान कराने का निर्णय लिया। इसके बाद निगम के निर्वाचित पार्षदों ने सभापति के लिए मतदान किया। परिणाम आने पर भाजपा के बागी प्रत्याशी नूतन सिंह ठाकुर को 33 मत, अधिकृत प्रत्याशी हितानंद अग्रवाल को 18 मत तथा निर्दलीय प्रत्याशी अब्दुल रहमान को 16 मत प्राप्त हुए वहीं एक मत निरस्त हुआ। इस प्रकार भाजपा पार्षद नूतन सिंह ठाकुर नगर पालिक निगम के सभापति निर्वाचित घोषित किए गए।





## देवर ने गला घोंटकर की भाभी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

सीपत थाना क्षेत्र के ग्राम खैरा में एक विधवा महिला की हत्या का मामला सामने आया है, जिसमें पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि महिला के देवर ने ही हत्या की वारदात को अंजाम दिया है।

पुलिस के अनुसार ग्राम खैरा निवासी मृतका राजकुमारी बर्मन पति रामलाल बर्मन 38 वर्ष की उसके घर मे लाश मिली है, पुलिस ने मौके पर पहुंच प्रारंभिक जांच शुरू की तो पता चला मृतका के पति की मौत हो चुकी है, वहीं उसके देवर संजय बृजवासी निवासी ग्राम तेलसरा थाना चकरभाठा की पत्नी की भी मौत हो चुकी है, जो मृतका के साथ ग्राम खैरा में आकर रहता था। शुक्रवार की दोपहर उसने अपने बेटे को फोन कर राजकुमारी की हत्या करने की जानकारी दी। साथ ही उसने खुद भी आत्महत्या करने जाने की बात कही।



- बेटे को फोन कर आत्महत्या करने जाने की बात कहकर हुआ गायब

मामले में हत्या की वजह अभी तक स्पष्ट नही हो पाई है वही पुलिस ने शनिवार को मृतका के शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया। वही आरोपी देवर संजय बृजवासी के खिलाफ अपराध दर्ज कर पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

## खबर संक्षेप



### 100 मीटर दौड़ में रंजना ने प्राप्त किया तीसरा स्थान

**लोरमी।** प्रतिभा किसी परिस्थिति की मोहताज नहीं होती, यह अभाव ने बीच भी अपना रास्ता निकाल लेती हैं। ग्रामीण परिवेश में पढ़ाई करने वाली रंजना मार्को ने अपनी प्रतिभा के दम पर राज्य में परचम लहराया। बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय क्रीड़ा, साहित्यिक, सांस्कृतिक प्रतियोगिता के तहत 100 मीटर दौड़ में पूमा शाला कोदवा महंत की कक्षा 7वीं की छात्रा रंजना मार्को ने राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने ग्राम, जिला एवं राज्य का नाम रोशन किया है।

## निधन

### रामदत्त उपाध्याय



**मुंगेली।** कारेसरा निवासी रामदत्त उपाध्याय का 8 मार्च को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 9 मार्च को गृहग्राम कारेसरा में किया जाएगा। वे रजनी, संध्या, सुधा, निधि, राजीव, राहुल के पिता थे।

### कृष्णा बाई यादव



**बिलासपुर।** कृष्ण बाई यादव का 8 मार्च को निधन हो गया। वे 95 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 9 मार्च को सुबह 10 बजे शीतला माता मंदिर सिम्स परिसर से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे द्वारिका प्रसाद यादव, कांता, भरत, नर्मदा यादव की माता थीं।

### चाइना दास



**बिलासपुर।** जरहाभाठा ओम नगर निवासी सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती चाइना दास पति स्व. डीसी दास का निधन हो गया। वे 85 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रशांत दास की माता थीं।

### मूलचंद राही



**बिलासपुर।** सरकंडा बंगालीपारा निवासी मूलचंद राही का 8 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 मार्च को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सुनील, अनिल एवं अरविंद राही के पिता एवं बजरंग राही, गजानन रारी के चाचा थे।

### मनहरण लाल पांडे



**बेलतरा।** ग्राम टेकर निवासी मनहरण लाल पांडे उर्फ बितन महाराज का 76 वर्ष की आयु में विगत 4 मार्च को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम टेकर में संपन्न हुआ। वे जयप्रकाश एवं जगमोहन के पिता थे।

### आयुषी कश्यप



**लोरमी।** वार्ड क्रमांक 10 ग्राम रानीगांव लोरमी निवासी आयुषी कश्यप उम्र 16 वर्ष का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार शनिवार को परिजनों तथा क्षेत्र के नागरिकों की उपस्थिति में स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। ये सुरेश कश्यप की पुत्री एवं पिंटू कश्यप के भतीजी थीं।

### फूल सिंह ठाकुर



**तखतपुर।** ग्राम सोढ़ार निवासी फूल सिंह ठाकुर का 98 वर्ष की आयु में 8 मार्च को निधन हो गया। वे नेम सिंह, चोवा सिंह, कमोद सिंह के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम सोढ़ार में किया गया।

# परिवार की तरह मिलकर करेंगे क्षेत्र का विकास: माधवी

**जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने ली शपथ**




शपथ ग्रहण समारोह में शामिल अध्यक्ष-उपाध्यक्ष।

तखतपुर। नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने जनपद सभाकक्ष में शपथ ग्रहण की।

इस दौरान सभी ने सत्यनिष्ठा के साथ काम करने का संकल्प लिया। शपथ के बाद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार ने कहा कि हम सभी एक परिवार की तरह मिलकर पूरे जनपद पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे। जिन योजनाओं का संचालन प्रदेश की भाजपा सरकार कर रही है, उस योजनाओं का लाभ हर पात्र लोगों को मिले इसके लिए हम सभी काम करेंगे। जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने हमें जो जवाबदारी सौंपी है, उसे हम सभी पूरी निष्ठा के साथ निभाऐंगे तथा मतदाताओं के विश्वास पर खरा उतरेंगे। हर व्यक्ति अपनी समस्या के लिए जनपद पंचायत में आ सकता है। उनके लिए हम सभी उपलब्ध रहेंगे तथा उनके समस्याओं का निराकरण करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। भाजपा नेता संतोष कौशिक ने कहा कि केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार एवं प्रदेश में विष्णुदेव की सरकार के बाद अब जनपद पंचायत में भी भाजपा ने परचम लहराया है। यह सब लोगों का भाजपा के प्रति विश्वास है, क्योंकि उनका मानना है कि यदि कोई विकास कार्य कर सकती है तो वह सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ही कर सकती है। इस अवसर पर सीईओ सत्यव्रत तिवारी, रवि मेहर, नैन लाल साहू, दिनेश साहू, कृष्ण कुमार साहू, सौरभ पांडेय, संतोष वस्त्रकार, राकेश छाबड़ा, सेवा सहकारी समिति सकरी अध्यक्ष मनीष तिवारी, राजेश देवांगन, लव पाण्डेय, अशोक ठाकुर, सिराज जिंदरान, भारत मरकाम सहित अन्य उपस्थित रहे।

## चितावर में परमेश्वरी, हांफा में आशीष बने उपसरपंच

तखतपुर। ग्राम पंचायत चितावर में परमेश्वरी रज्जू यादव को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया है। उपसरपंच के लिए परमेश्वरी रज्जू यादव एवं अग्रेश्वर सिंगरौल ने दावेदारी की जिसमें कोई प्रस्ताव एवं समर्थन नहीं होने के कारण अग्रेश्वर सिंगरौल का फार्म निरस्त हो गया। इस तरह परमेश्वरी को निर्विरोध उपसरपंच चुना गया। वर्तमान सरपंच इंद्राणी देवा सिंगरौल, पंच अगसीया, प्रमिला, रूक्मणी, सुनीता, शगुन, मोगरा, प्रमिला, अमृतलाल जिसमें पूर्व सरपंच सुखदेव सिंगरौल एवं पूर्व उपसरपंच बिरकों, बालाराम मंडल, रतन लाल सिंगरौल, गोकुल सिंगरौल, बिहारी बिरको उपस्थित रहे।

### हांफा उपसरपंच बने आशीष

ग्राम पंचायत हांफा के नवनिर्वाचित उपसरपंच आशीष मिश्रा ने शनिवार को अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पंच जागेश्वर यादव, जितेन्द्र तिवारी, कल्याणी यादव, शशिकला हीरासिंग महिलांगे, संगीता अजय दुबे, दुर्गा अरुण श्रीवास, लक्ष्मीकांत दुबे, दीपेश श्रीवास, गंगोत्रीबाई कौशिक, विजय भौमिक, अहिल्या जनक राम त्रिभुवन, आशा श्रीवास, मालती ध्रुव और संतोषी कैवर्त उपस्थित रहे।




## सामूहिक सहभागिता से ग्राम विकास को दूंगी गति: दुर्गा

**सीपत।** ग्राम पंचायत नवागांव में उपसरपंच के लिए दुर्गा विश्वकर्मा एवं राजू प्रसाद साहू ने उम्मीदवारी की, जिसमे दुर्गा विश्वकर्मा को 10 वोट व राजू को 8 वोट मिले। इस प्रकार दुर्गा विश्वकर्मा ने 2 मतों से जीत हासिल कर ग्राम नवागांव की उपसरपंच निर्वाचित हुई।

उपसरपंच बनने के बाद दुर्गा विश्वकर्मा ने कहा कि सबको एकजुटता के साथ लेकर जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने पूरी मेहनत करूंगी और नवागांव के विकास को प्राथमिकता दूंगी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सीपत दीपक शर्मा, सरपंच भागवत प्रसाद गोड़, अशोक विश्वकर्मा, पुष्कर शर्मा, बसंत खरे विदेशी खरे, मुकेश यादव, कन्हैया रजक, नकुल रजक, तिरुपति पाटनवार, कृष्ण कुमार यादव सहित ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी है।

## छिटपुट घटनाओं के बीच उपसरपंच चुनाव संपन्न



निर्वाचन का प्रमाण पत्र देते पीठासीन अधिकारी।

**मुंगेली।** जिले के 367 ग्राम पंचायतों में आज छिट-पुट घटनाओं को छोड़ उपसरपंचों के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुए। चुनाव के पूर्व ही पंचो के पूछ परख बढ़ गई थी। पंचायतों में प्रभावशाली लोगो ने पिछले एक सप्ताह से पंचो को घुमाने-फिराने के बाद चुनाव के समय गांव पहुंचकर मतदान किया।

उपसरपंच चुनाव के पश्चात 6 दिन पूर्व ही गांवो में रंग गुलाल के चलते होली सा माहौल नजर आने लगा। ग्राम पंचायत संबलपुर से श्रीमती बबीता रघुराज सिंह परिहार निर्विरोध उपसरपंच निर्वाचित हुई। जिले में करीब 367 पंचायत हैं। इन सभी जगहों पर आज 8 मार्च को उपसरपंच का चुनाव किया गया। मुंगेली जनपद पंचायत अंतर्गत 124 ग्राम पंचायतों में आज प्रथम सम्मेलन एवं उपसरपंच की चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ की गई। दोपहर 3 बजे तक प्रक्रिया पूर्ण हुई। बड़ी पंचायतों में अधिक वार्ड संख्या होने की वजह से उप सरपंच के दोवदार भी बढ़ गए थे। उपसरपंच के दावेदार लोगो ने एक-एक पंचो की खातिरदारी करते रहे। कुछ पंचायतों में पंचो को सैर-सपाटा के साथ ही पंचो को नजराना भी प्रस्तुत किया गया। एक-दो पंचायतों में तो पंचो की खरीद-फरोख्त की शिकायतो के साथ ही छिट-पुट लड़ाई झगड़े के भी समाचार आते रहे। उपसरपंच चुनाव संपन्न होने के पश्चात पंचायत भवन एवं आसपास रंग गुलाल में लोग नजर आने लगे। नवनिर्वाचित उपसरपंच एवं पंच होली के 14 दिन पूर्व ही होली मनाते रहे। ग्राम पंचायत घुठेली में उपसरपंच चुनाव के दौरान कुछ देर तक तनावपूर्ण स्थिति बनी रही। किंतु अधिकारियों एवं पुलिस के हस्तक्षेप के बाद स्थिति सामान्य रही। उपसरपंच चुनाव में पीठासीन अधिकारी एवं सहायक पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति की गई। जो चुनाव प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात देर शाम तक चुनाव सामग्री एवं रिपोर्ट जनपद पंचायत में देते रहे।

## 2 मतों से जीत हासिल कर संतोषी बनीं उपसरपंच



**लगरा।** ग्राम पंचायत लगरा के पंचायत भवन में शनिवार को उपसरपंच पद के लिए निर्वाचन प्रक्रिया आयोजित की गई, जिसमें बिन्दु कैवर्त्य और संतोषी श्रीवास ने दावेदारी ने की।

पंचायत के 18 पंच और 1 सरपंच मिलाकर कुल 19 प्रतिनिधियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। संतोषी श्रीवास के पक्ष में 10 मत और बिन्दु कैवर्त्य के पक्ष में 8 मत पड़े एवं 1 मत रिजेक्ट रहा। इस तरह से संतोषी श्रीवास 2 मतों से जीत हासिल कर उपसरपंच बनीं। संतोषी ओमप्रकाष श्रीवास ने कहा कि ग्राम पंचायत के विकास के लिए सतत प्रयास करूंगी। इस अवसर चुनाव अधिकरी मुकेष तभाड़े, सचिव दिलेष्वर मंजारे, रोजगार सहायक लक्ष्मण साहू, कृष्णा यादव, गुलषन साहू, व्यास नारायण श्रीवास, रवि कैवर्त्य, मनोज यादव पंच व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार किसानों को दे रही शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण: कौशिक



▪ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने अनुदान की मांगों पर की चर्चा

**बिलासपुर।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने विधानसभा बजट सत्र 2025 के तहत अनुदान की मांगों में चर्चा करते हुए कहा कि जिस प्रकार से जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने किसानों की चिंता की है, किसानों को सभी क्षेत्र में सुविधा दी है चाहे वह सिंचाई के क्षेत्र में हो, उर्जा के क्षेत्र में हो, खाद्य के क्षेत्र में हो ऐस अनेक सुविधाएं है जिससे छत्तीसगढ़ में किसानों की धान खरिदी में वृद्धि हो रही है।

श्री कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद सबसे ज्यादा ध्यान खरिदी साय सरकार ने की है। उन्होंने कहा कि लगभग 149.25 मिट्रिक टन धान की जो ऐतिहासिक खरिदी जो की गई है वह एक रिकॉर्ड के रूप में है, इसके लिये व जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप जी बधाई के पात्र है जिस तरह से प्रदेश में किसानों के हित में कार्य हो रहा है उससे स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ की सरकार अन्नदाताओं की समृद्धि के लिये कार्य कर रही है जिस तरह से किसानों को बैंक के माध्यम से केवल सवा साल में लगभग 1 लाख करोड रू से ज्यादा किसानों के खातों में गया है साथ ही किसान पहले ऋण लेते थे जिसका ब्याज उनको चुकाना पड़ता था आज छत्तीसगढ़ की भारतीय जनता पार्टी द्वारा ब्याज को कम करते हुए 0 प्रतिशत पर बड़े संख्या पर किसानों को ऋण उपलब्ध कराती है और हमारे किसान बिना ब्याज पर पैसा लेकर के खेती करते है। इससे किसानों को जो मुफ्त की राशि जो देनी पड़ती थी इससे उनको बड़ी मात्रा में रहत मिली है और किसानों में खुशियों की लहर है।

### शक्ति को गति वाला बजट

श्री कौशिक ने कहा कि वित मंत्री द्वारा जो शक्ति को गति देने वाल बजट 2025 पेश किया गया है उसमें किसानों के लिये छत्तीसगढ़ के सभी क्षेत्रों में अटल सिंचाई योजना के तहत जो छोटे-छोटे सिंचाई योजना है, बृहद सिंचाई की योजना है, लघु सिंचाई की योजना है, मध्यम सिंचाई की योजना है ऐसे सभी योजनाओं को पूरा करने का प्रावधान हमारे इस बजट में रखा गया है साथ ही जो लंबित परियोजनाएं जो पैसे के अभाव में अपूर्ण हो गए और वर्षो से पेंडिग रहे उसे अटल सिंचाई योजना के तहत पूर्ण करने का काम किया गया है इस योजना के माध्यम से विधानसभा बिल्हा के पथरिया बैराज में मध्यम सिंचाई योजना के यहत योजना को पूर्ण करने के लिए आवश्यक लगभग 146 करोड़ 31 लाख रुपए राशि की स्वीकृति दी गई है। यह पथरिया क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है और पथरिया क्षेत्र विकास की राह पर और आगे बढ़ेगा। श्री कौशिक ने कहा कि यह किसानों को खेती करने की गति को बढ़ाने के लिये अच्छी योजना है। भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जो योजना बनाई गयी जो निति बनाई गयी जिसके कारण आज हमारे किसान समृद्धि की राह पर है।



## रेत का अवैध परिवहन करते 20 ट्रैक्टर जब्त

**मस्तूरी।** ब्लाक के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत भिलौनी में शिवनाथ नदी रेत घाट पर सुबह पहुंचे तहसीलदार प्रकाश साहू ने अवैध रेत परिवहन कर रहे 20 ट्रैक्टर को जब्त कर पचपेड़ी पुलिस थाना के सुपुर्द किया है। ज्ञात हो कि पचपेड़ी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत भिलौनी में अधिकृत रूप से रेत घाट नहीं है लेकिन भिलौनी गांव में शिवनाथ नदी के तट को अवैध रेत परिवहन करने वाले लोग इस कदर खोद डाले हैं कि मानो बहुत बड़ा रेत घाट हो। अवैध रेत परिवहन को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए तहसीलदार प्रकाश साहू शुक्रवार को सुबह ही अवैध रेत घाट पर धमक पहुंचे जहां लगभग 40 से 50 ट्रैक्टर रेत से भरा हुआ देखा गया। वहीं अवैध रेत परिवहन कर रहे लोगों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में जहां से रास्ता दिखा लोग अपना ट्रैक्टर लेकर रफूचक्कर हो गए जिसमें से 20 ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। गौरतलब हो कि जैसे ही रेत भरी ट्रैक्टर को पकड़े जाने की खबर क्षेत्र में आग कि तरह फैला कि जब्त ट्रैक्टर को छुड़ाने के लिए लगातार छुटभैय्ए नेताओं के फोन तहसीलदार के पास आने लगे। लगातार हिदायत के बाद भी अवैध परिवहन कर रहे कई नेता तप के लोगों से तहसीलदार के साथ अच्छी खासी बहस भी होने की खबर है।

### की गई कार्रवाई

भिलौनी घाट में अवैध रेत खनन को लेकर लगातार मिल रही शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एवं शासन को राजस्व का हानी पहुंचने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है जो आगे भी जारी रहेगा। सभी जब्त ट्रैक्टरों का पंचनामा कार्यवाही के उपरांत पचपेड़ी थाना का सुपुर्द किया गया।

-प्रकाश साहू, तहसीलदार -पचपेड़ी

**आईजी को दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर**

## महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों का हो त्वरित निराकरण: आईजी



गॉर्ड ऑफ ऑनर देते पुलिसकर्मी।

**मुंगेली।** पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा जिले का वार्षिक निरीक्षण किया गया। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला के जिला आगमन पर गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया एवं मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला ने बेहतर पुलिसिंग पर जोर देने व महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों एवं पुराने लंबित मामलों का त्वरित निराकरण करने जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/चौकी प्रभारियों को सख्त निर्देश दिये। जिला मुंगेली के साइबर सेल एवं पुलिस नियंत्रण कक्ष के अपग्रेडेशन भवन का निरीक्षण किया गया।

बिलासपुर रेन्ज पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला ने 8 मार्च को गिला मुंगेली का वार्षिक निरीक्षण किया गया सर्वप्रथम रक्षित केन्द्र मुंगेली पुलिस लाइन आगमन हुआ। जहां पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा गुलदस्ता भेंट करते हुये आईजीपी को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। फिर सभी शाखाओं का निरीक्षण कर दस्तावेज चेक किये तथा एमटी शाखा में सभी वाहनों फिजिकल फिटनेस चेक किये, फिर शस्त्रागार का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों की समस्या के बारे में जानकारी लिया गया। निरीक्षण दौरान आईजीपी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। जिसमें सभी शाखाओं का रजिस्टर का अवलोकन किये, रजिस्टर अपटेड करने तथा शिकायत शाखा प्रभारी को लंबित शिकायतों/विभागीय जांच का त्वरित निराकरण कराने हेतु सख्त हिदायत दी गई। उसके बाद बढ़ते अपराध को दृष्टिगत रखते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक सहित समस्त राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों एवं लंबित मामलो को जल्द से जल्द निराकरण किये जाने, संपत्ति संबंधी अपराधों के घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण करने, अवैध कार्य करने वालों के विरूद्ध ठोस एवं प्रभावी कार्यवाही करने पूर्णतः अंकुश लगाने, न्यायालय द्वारा जारी वारंटो की तामिली अधिक से अधिक कराने, यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने, सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए लोगो को प्रोत्साहित करने तथा जिले में बेहतर पुलिसिंग पर जोर दिया गया आम जनता से सद्व्यवहार करते हुए उनके बीच जाकर उनकी समस्याओं की जानकारी लेने तथा विधिवत कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

### सायबर सेल भवन का किया निरीक्षण

श्री शुक्ला ने सायबर सेल मुंगेली अपग्रेडेशन भवन का निरीक्षण किये। जिसमें आईजीपी डॉ. संजीव शुक्ला ने कम्प्यूटर के बारे मे हार्डवेयर, साफ्टवेयर एवं ऑनलाईन पोर्टल के बारे में बारिकी से पूछताछ कर बताया कि इंटरनेट लोगो के जीवन का महत्वपूर्ण अंग बन चुका है, लोग सोशल मीडिया साइट्स पर दिनभर एक्टिव रहते है ऐसे मे सायबर क्राइम की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। जिसकी रोकथाम हेतु आम जनता को जागरूक करने के लिये जागरूकता अभियान लगातार चलाना चाहिये और छोटे-छोटे बच्चे जो ऑनलाइन गेम खेलते है, परिजनों को बच्चा मोबाइल में क्या कर रहा इस बात का ध्यान रखना चाहिये, किसी से ओटीपी शेयर नही करना एवं डिजिटल अरेस्ट के संबंध में जानकारी प्रदाय की गई साथ ही आम जनता को सायबर फ्रॉड होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 में तत्काल कॉल करने या नजदीकी थाना चौकी अथवा साइबर सेल में जाने हेतु तथा सायबर उपलब्धियों के बारे में जानकारी पूछा गया और बढ़ते सायबर क्राइम को देखकर सायबर सेल मुंगेली अपग्रेडेशन भवन का तारीफ किये। निरीक्षण दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा, उप पुलिस अधीक्षक एसआर घृतलहरे, संजय साहू, रक्षित निरीक्षक श्रीमती नरगिस ख्रिस्ट तिग्गा एवं जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारी व अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्रीमती रुक्मणी साहू पति कैलाश कुमार साहू निवासी भारत चौक, चिंगराजपारा बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण के लिए आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि भूमि स्वामीगण सौरभ शाह पिता महेन्द्र शाह, नैतिक शाह पिता अशोक शाह एवं प्रकाश कुमार सोनी पिता पिता रमेश सोनी सभी निवासी बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) के हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की डायवर्सनशुदा भूमि मौजा चांटीडीह प.ह.नं. 20/33 रा.नि.मं. स्करण्डा तह. व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित भूमि जिसका शीट नं. 11, 12 भूखण्ड क्र. 29, 1/2 खसरा नं. 226/28 में से, 226/49, 226/50 में से रकबा क्रमशः 800, 400, 639 वर्गफुट कुल रकबा 1839 वर्गफुट भूमि जिसकी चौहद्दी उत्तर में अवधेश सिंह की भूमि, दक्षिण में विक्रेतागणों की भूमि, पूर्व में रामनारायण साहू की भूमि एवं पश्चिम में सीपत रोड से बहतराई जाने वाली मार्ग है। उक्त भूमि को मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामीगण से क्रय करने का पक्का सौदाकर बयाना राशि देकर इकरारनामा निष्पादित कराया गया है। उक्त सौदे बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय निकाय आदि को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज मेरे समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि का क्रय-विक्रय पत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा। सो सूचना जानें।
दिनांक 08/03/2025

भवदीय- राकेश कुमार श्रीवास्तव (अधिवक्ता)
बी-18 सागा लेआउट कॉलोनी शुभम विहार, मंगला बिलासपुर (छ.ग.), मो. 9827195028

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम मुढ़ीपार प.ह.न.09 रा.नि.मं. बिल्हा के अंतर्गत तहसील बिल्हा एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि, जो कि सीता ठाकुर पति स्व.दुर्गा सिंह ठाकुर उम्र 70 वर्ष जाति क्षत्रीय निवासी नयापारा बोदरी तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ वाले के नाम पर स्थित है, जिसका भूमि खसरा नं. 214, 215 एवं 216 रकबा क्रमशः एकड़ में 0.50, 0.05, एवं 0.99 कुल रकबा 1.54 एकड़ जमीन खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है, विक्रेता द्वारा उक्त भूमि का निकट भविष्य में विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना है, यदि उक्त भूमि के सौदे के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक आदि को कोई दावा/आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज उपस्थिति होकर दावा/आपत्ति कर सकते हैं, साथ आवसान पश्चात दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगा। सो सूचना जाने।
दिनांकः- 08/03/2025

अधिवक्ता
प्रकाश श्रीवासन
मो. 7241111402

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे द्वारा (1) एजाज अहमद बक्स पिता स्व. मंसूर अहमद बक्स (2) मोहम्मद सादिक बक्स पिता स्व. सलाम बक्स दोनों निवासी सदर बाजार जूनी लाइन बिलासपुर से इनके हक एवं कब्जे की पुश्तैनी भूमि जो कि ज्वाली नाला के रोड ऊपर स्थित भूमि मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. एवं तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि का खसरा नम्बर 323/1 रकबा 0.0390 हे. एवं खसरा नम्बर 323/4 रकबा 0.0120 हे. जिसका कुल रकबा 5559 फुट है जिसके मूल भूस्वामी महमूद बक्स पिता कदार बक्स, नवी बक्स पिता कदार बक्स, करीम बक्स पिता अली बक्स, अहम बक्स पिता रहीम बक्स, कलीम बक्स पिता रहीम बक्स, सलीम बक्स पिता रहीम बक्स, सोफिया बेगम बेवा सोफिया रहीम बक्स थे जिनका स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त संपत्ति का फौती नामांतरण वर्तमान में एजाज अहमद बक्स एवं मोहम्मद सादिक बक्स के नाम पर फौती नामांतरण होना है अतः उक्त जमीन एजाज अहमद बक्स एवं मोहम्मद सादिक बक्स से खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय- (1) पुरुषोत्तम जुरियानी
पिता स्व. मूलचंद जुरियानी
निवासी सरकंडा जबड़ापारा बिलासपुर
मो. 9827938236, 8770963388
(2) भावेश दुबे, पिता श्री महेश दुबे
निवासी वार्ड नम्बर 22/30 गोड़पारा बिलासपुर

**न्यायालय श्रीमान तृतीय अपर जिला न्यायाधीश, बिलासपुर (छ.ग.)**
(पीठासीन अधिकारी श्रीमती किरण त्रिपाठी)
सिविल अपील नं. 84 अ / 2024
पेशी तारीखः 15/04/2025
प्रोसेस नं. 81

**प्रकाशन का संक्षिप्त विवरण**
कुमारी अंजना राय...वादी/ अपीलार्थी
विरूद्ध
वीरेन्द्र खत्री एवं अन्य... प्रतिवादीगण/ उत्तरवादीगण

इस न्यायालय में वादी / अपीलार्थी कुमारी अंजना राय पिता स्व. एम.एम. राय उम्र 51 साल, हवलदार, होमगार्ड निवासी हेमूनगर बिलासपुर नें उत्तरवादी के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की है। जो अपील माननीय पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 11/09/2024 के विरूद्ध है। जिस बाबत आम जनता को नोटिस का प्रकाशन किया जाना है।

उपरोक्त प्रकरण के संबंध में किसी भी आमजन/ आमजनता को कोई अधिकार या हित हो तो उक्त प्रकरण की पेशी दिनॉक 15/04/2025 को स्वयं या अपनें अधिवक्ता के माध्यम से ठीक 11.00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति सम्यक जवाब मय दस्तावेज प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी दिनांक 15/04/2025 तक कोई आपत्ति प्राप्त न होनें पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक 15/04/2025 को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है या कार्यस्थगित हो जाता है अथवा पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते हैं तो उसके अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

अतः दिनांक 7/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

(श्रीमती किरण त्रिपाठी)
तृतीय अपर जिला न्यायाधीश
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर**
**जिला बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
संदर्भः- जिला- बिलासपुर तहसील - बिलासपुर प.ह.न. - 00036 जूनाबिलासपुर ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425400108400071

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00036 के अंतर्गत ग्राम जूनाबिलासपुर के वर्तमान भूमिस्वामी शिवनारायण गोले पिता/ पति- पिता स्व. भगवानदीन गोले पता- सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 135/14 (0.0400) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सिद्धनारायण गोले, श्रीनारायण गोले पिता/ पति- शिवनारायण गोले पता- बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर, तनुलता बनाफर, स्नेहलता सोनकर, प्रियलता शरण, स्वर्णलता सोनकर पिता/पति- शिवनारायण गोले पता बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/03/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/03/2025 को जारी के किया जाता है।

तहसीलदार
Mukesh Kumar Dewangan
तहसील - बिलासपुर

**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला - मुंगेली (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक ब-121/2024-25
ग्राम मुंगेली म.न.1 प.ह.न. 18

एतद द्वारा ग्राम मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ममता केशरवानी वर्गे. आ. स्व. प्रदीप केशरवानी जाति बनिया निवासी बिलासपुर तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली हल्का नं. 18 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 148/2, 148/8, 188/27, 193/4 रकबा 0.014 ,0.020, 0.010, 0.199 एकड/हेक्टे. भूमि का मूल किसान किताब फट/गुम हो जाने से द्वितीय प्रति किसान किताब हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभावक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 12/3/2025 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/2/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार, मुंगेली (छ.ग.)

**शपथ-पत्र**

मैं सुनील गुप्ता उम्र 45 वर्ष पिता स्व. श्री गनपत लाल गुप्ता पता ग्राम व प्रो. सीपत थाना सीपत, जिला बिलासपुर (छ.ग.) का हूँ।
जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ।
शपथकर्ता
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे पुत्री मन्नत गुप्ता (MANNAT GUPTA) के दाखिला रजिस्टर एवं अंकसूची में समृद्धि गुप्ता पिता सुनील गुप्ता (SAMRDDHI GUPTA D/O SUNIL GUPTA) दर्ज है। एवं मेरे पुत्री के आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र में मन्नत गुप्ता पिता सुनील गुप्ता (MANNAT GUPTA D/O SUNIL GUPTA) दर्ज है।
3. यह कि मेरे पुत्र के दाखिला रजिस्टर एवं अंकसूची में समृद्धि गुप्ता पिता सुनील गुप्ता (SAMRDDHI GUPTA D/O SUNIL GUPTA) दर्ज है को सुधारकर आधार कार्ड व जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार मन्नत गुप्ता पिता सुनील गुप्ता (MANNAT GUPTA D/O SUNIL GUPTA) दर्ज किया जावे जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है। 4. यह कि शपथ पत्र में दी गई जानकारी में किसी प्रकार से कोई दावा आपत्ति होता है तो उसका मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

शपथकर्ता - सुनील गुप्ता सीपत

**सत्यापन**

मैं सुनील गुप्ता यह सत्यापित करता / करती हूँ कि शपथ पत्र के कंडिका कमांक 01 से 04 तक की कही गई बाते मेरे जानकारी के अनुसार सत्य एवं सही है जिसे आज दिनाँक को पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर / अंगूठा लगाकर सत्सापित किया।
गवाह शपथकर्ता-सुनील गुप्ता सीपत

## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा श्री रजनीकान्त अवस्थी पिता स्व. एस.पी. अवस्थी निवासी लोको कॉलोनी बिलासपुर के नाम पर मौजा अमेरी प.ह.नं. 26 खसरा नम्बर 12, रा.नि.मं. सकरी ब्लॉक एवं तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर के कस्तूरबा नगर स्थित डाइवर्टेड भूमि का शीट नम्बर 15, ब्लॉक नंबर 1, प्लॉट नंबर ए./46, खसरा नंबर 471 में से रकबा 2400 वर्गफुट भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/ अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय
प्रवीण पाण्डेय
नेहरू नगर बिलासपुर
मो. 9584978009

**अहलूवालिया हॉस्पिटल**
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

## खबर संक्षेप

### डीन व एमएस ने किया सिम्स का निरीक्षण

**बिलासपुर।** सिम्स के डीन और एमएम ने शनिवार की सुबह अस्पताल के वार्डों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड में फैली अव्यवस्था को लेकर कर्मचारियों को हिदायत दी। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने समस्त वार्डों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान वार्डों में कुछ कमियां मिली, जिसमें त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान वार्डों में टूटी हुई आवी सेट स्टैंड, पर्दा स्टैंड तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए गए।

### वेस्ट बंगाल के 25 संदिग्धों से पूछताछ

**बिलासपुर।** वेस्ट बंगाल से आकर सिरगिट्टी क्षेत्र में रहने वाले 20 से 25 लोगों को थाने में तलब कर पूछताछ की गई है। उनका आधार कार्ड व निवास से संबंधित दस्तावेज को थाने में जांच के लिए भेजा गया है। सभी को सख्त चेतावनी देकर छोड़ा गया है। एसपी रजनेश सिंह ने 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिल्हा आगमन पर थानेदारों को दिगर राज्यों से आकर रहने वालों की जांच करने का आदेश दिया है। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व में सिरगिट्टी टीआई नजनीश सिंह ने स्टाप के साथ दूसरे राज्यों से आकर रहने वालों की पतसाजी की। जहां उन्हें वेस्ट बंगाल के मुर्सिदाबाद से आकर रहने वाले 20 से 25 लोगों के घरों में दबिश देकर सामानों की जांच की। उसके बाद सभी को थाने में तलब कर यहां आने के संबंध में पूछताछ की गई। सभी ने फेरी लगाकर काम करने की संबंध में जानकारी दी है।

### युवक से मारपीट, जान से मारने की दी धमकी

**बिलासपुर।** गाड़ी मे हवा भरवा रहे युवक के साथ एक युवक ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का बेल्ट से मारपीट कर जमीन में पटक दिया। उसके बाद चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, गणेश नगर चुचुहियापारा निवासी मंसूर अंसारी पिता मंजूर अंसारी 7 मार्च को दोपहर 3.30 बजे पंचर दुकान में अपनी बाइक में हवा भरवा रहे थे। इसी दौरान मोहल्ले में रहने वाला रोहित लोहार आया और उनके साथ गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर मंसूर अंसारी के साथ युवक ने हाथ मुक्का बेल्ट से जमकर मारपीट करते हुए जमीन में पटक दिया। उसके बाद चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। लोगों के द्वारा बीच बचाव करने पर हमलावर भाग निकला। पुलिस ने मंसूर अंसारी की रिपोर्ट पर हमलावर रोहित लोहर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**कमर्शियल टैक्स** निगम को संपत्तिकर आवासीय का दे रहे, लेकिन दुकानों का उपयोग कमर्शियल हो रहा, सड़कों और गलियों में भी लग रहा जाम

# घरों में खुलीं 10 हजार से ज्यादा दुकानें, इससे 10 करोड़ की टैक्स चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

संपत्ति कर बढ़ाने को लेकर नगर निगम अपना सर्वे कर रहा है जिसमें कई बातें बातें सामने आ रहीं हैं। इसमें मालूम पड़ रहा है शहर में 10 हजार से ज्यादा मकान ऐसे हैं जहां दुकानें खुल गई हैं। इन दुकानों के बाहर किसी भी तरह की कोई पार्किंग नहीं है। इस वजह से वार्डों से होकर गुजरने वाली बायपास सड़कों पर जाम लग रहा है। इसका असर शहर की सभी सड़कों पर भी हो रहा है। ट्रैफिक जाम बढ़ रहा है।

इतना ही नहीं मकान वाले निगम को संपत्तिकर आवासीय का दे रहे हैं, लेकिन दुकानों का उपयोग कमर्शियल हो रहा है। इससे निगम को हर साल करीब करीब 10 करोड़ का नुकसान हो रहा है। ज्ञात हो कि निगम फिलहाल 70 हजार मकानों का सर्वे कर रहा है इसमें से 20 हजार का काम पूरा हो चुका है। इस जानकारी के बाद शहर के सभी 70 वार्डों में जांच की बात अधिकारी कर रहे हैं। हर दिन उस वार्ड में स्थित 100 मकानों की जांच की जाएगी। जिस मकान में भी बिना अनुमति के शटर वाली दुकान खोली गई है उससे जुर्माना वसूल किया जाएगा। इसके अलावा ऐसे मकान मालिकों से उतने हिस्से का टैक्स कमर्शियल के तौर पर वसूला जाएगा। निगम के इस नए आदेश से ऐसे लोगों में जमकर खलबली है जिन्होंने अपने घरों में एक नहीं बल्कि कई दुकानें बना रखी हैं। वे इन दुकानों में खुद कारोबार कर रहे हैं या किसी व्यापारी को किराये पर दे रखा है।

- **निगम फिलहाल 70 हजार मकानों का सर्वे कर रहा है इसमें से अधिकांश का काम पूरा हो चुका**

### जितने में दुकान उसी का टैक्स

अधिकारियों ने बताया कि आमतौर पर लोगों को यही लगता है कि घर में दुकान खोलने पर पूरे घर का व्यावसायिक संपत्तिकर वसूला जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं है। अमला जांच के दौरान देखेगा कि घर के कितने हिस्से में दुकान है। यदि 1000 वर्गफीट के घर में 100 वर्गफीट की दुकान है तो केवल 100 वर्गफीट का ही व्यावसायिक टैक्स लगेगा। लोगों को यह भी विकल्प दिया जाएगा कि वे दुकान बंद कर लें और उसकी सूचना निगम में देकर आवासीय करा लें।




### लाइसेंस-जीएसटी नंबर जरूरी

नगर निगम के रिकार्ड के अनुसार शहर में इस समय करीब 40 हजार गुमाश्ता और ट्रेड लाइसेंस जारी किए गए हैं। ट्रेड लाइसेंस लेने वालों को जीएसटी पंजीयन कराना भी अनिवार्य है। इसलिए शहर के सभी 70 वार्डों में जांच के दौरान यह भी देखा जाएगा कि शटर लगाकर दुकान खोलने वालों ने जीएसटी पंजीयन कराया है या नहीं? ऐसा नहीं करने वाले लोगों से जीएसटी का भी जुर्माना वसूल किया जाएगा।

### ऐसे होती है टैक्स की गणना

ध्यान रहे कि निगम आवासीय और व्यावसायिक दो कैटेगरी में संपत्तिकर वसूलता है। आवासीय की तुलना में कमर्शियल टैक्स की गणना में वार्षिक भाड़ा मूल्य दोगुना से ज्यादा लगता है। इससे संपत्तिकर भी बढ़ जाता है। इसे ही बचाने के लिए छोटी गलियों और मोहल्लों में लोग बिना निगम की अनुमति के दुकानें खोल लेते हैं। इससे निगम को ही नहीं बल्कि जीएसटी विभाग को भी बड़ा नुकसान हो रहा है। कारोबार के लिए निगम से गुमाश्ता और ट्रेड लाइसेंस लेना जरूरी है।

### शटर वाली दुकान पर होगा जुर्माना

जिस मकान में भी बिना अनुमति के शटर वाली दुकान खोली गई है उससे जुर्माना वसूल किया जाएगा। इसके अलावा ऐसे मकान मालिकों से उतने हिस्से का टैक्स कमर्शियल के तौर पर वसूला जाएगा। यदि 1000 वर्गफीट के घर में 100 वर्गफीट की दुकान है तो केवल 100 वर्गफीट का ही व्यावसायिक टैक्स लगेगा।

**- खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

**जिला अस्पताल :** बायोमेडिकल वेस्ट के प्रबंधन में हो रही घोर लापरवाही

# ऐसा प्रबंधन,अस्पताल परिसर में बिखरा है प्लेसेंटा, वेस्ट के उठाव पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल परिसर में बायोमेडिकल वेस्ट के उठाव को लेकर लापरवाही बरती जा रही है, जहां मेडिकल वेस्ट पॉलिथीन में डाल कर परिसर में फेंक दिया जा रहा है। वहीं प्रसव के उपरांत निकलने वाला मांस का टुकड़ा इधर उधर गिरा नजर आता है। खास बात यह है कि अस्पताल के अधिकारी सुबह 6 बजे से साफ सफाई का ढोल पीट रहे हैं, लेकिन परिसर की हालत मरीजों के साथ ही हर आने व जाने वालों को नजर आती है।

शनिवार को जिला अस्पताल परिसर में गंदगी और बदबू से लोगों का हाल बेहाल हो गया। दरअसल परिसर में बने एआरटी सेंटर के बाहर रखे गए बायोमेडिकल कक्ष के बाहर मांस (प्लेसेंटा) का टुकड़ा पड़ा मिला। वहीं खून के बूंदें फैली हुई थीं। जिससे हर आने जाने वाला बचकर चलता दिखाई दिया, गंदगी देख लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। बदबू की वजह से कुछ लोग जाने से कतराने लगे। खास बात यह है कि अस्पताल प्रबंधन बायोमेडिकल वेस्ट के निबटारे को लेकर खासी लापरवाही बरत रहा है, ऐसा पहली बार नहीं है, इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी है, कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं इससे परिसर में संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है।

- **अस्पताल के डाक्टर झांकने तक नहीं जाते**





फेंका गया बायोमेडिकल वेस्ट।



अस्पताल आने वाले लोगों को हो रही परेशानी।

### प्रबंधन का दावा सुबह से होती है सफाई

अस्पताल प्रबंधन हर मौके पर यह दावा करता है कि सुबह 6 बजे से अधिकारी स्वयं उपस्थित होकर सफाई कराते हैं, जबकि स्थिति उलट है। जिन अधिकारियों को जिम्मा दिया गया है, वे अस्पताल छोड़कर प्रशासनिक कार्य में व्यस्त रहते हैं, जिसके चलते अस्पताल में होने वाली छोटी-बड़ी घटनाओं से उनका कोई सरोकार नहीं होता है। वहीं कर्मचारी भी मनमानी करते हुए अपनी कार्यप्रणाली से बाज नहीं आ रहे हैं।

### बनाई गई है व्यवस्था

जिला अस्पताल को सूचना दी गई है, बायोमेडिकल वेस्ट का उठाव और निबटारा सही तरह से किया जाना चाहिए। इसके लिए व्यवस्था बनाई गई है।

**-डॉ. राजेश पटेल,** नोडल, बायोमेडिकल वेस्ट

### हालत का जायजा लिया जाएगा

बायोमेडिकल वेस्ट के उठाव में दिक्कत आ रही है तो इसकी जानकारी मुझे नहीं है। जल्द ही स्वयं ही विजिट कर हालत का जायजा लिया जाएगा।

**-डॉ. सुरेश तिवारी,** जेडी, स्वास्थ्य विभाग

**किशोर न्याय बोर्ड का पुनर्गठन**

# बिलासपुर में संजूलता होंगी प्रधान न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त सचिव डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने अधिसूचना जारी कर किशोर न्याय बोर्ड का पुनर्गठन किया है। नए आदेश के तहत विभिन्न जिलों में न्यायिक मजिस्ट्रेट को किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है।

बिलासपुर में कु. संजूलता देवांगन, तृतीय ए.जे., प्रथम सिविल जज (सीनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी प्रधान न्यायाधीश होंगी। इसके साथ ही कोरिया (बैकुण्ठपुर) मनोज कुमार कुशवाहा, ए.जे., सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी, मुंगेली में कु. श्वेता ठाकुर, सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी, कवर्धा में (कबीरधाम) कु. पूजा मण्डावी, सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी, धमतरी में तनुश्री गवेल, सिविल जज (सीनियर डिविजन) कुरूद एवं जेएमएफसी, महासमुंद में कु. तान्या ब्रह्म, द्वितीय सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी होंगी।

इसी के साथ ही दुर्ग में भगवान दास पनिका, द्वितीय सिविल जज (सीनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी, बेमेतरा में मोहम्मद जहांगीर तिगाला, तृतीय सिविल जज (सीनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी सूरजपुर में अजय लकरा, चतुर्थ एडिशनल जज, प्रथम सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी, रायपुर में कु. भारती कुलदीप, तृतीय ए.जे., प्रथम सिविल जज (सीनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी होंगी।

### गमछा से गला दबकर बेवा भाभी की हत्या

**बिलासपुर।** देवर ने गमछा से गला दबाकर बेवा भाभी की हत्या कर दी। उसके बाद बेटी व दोस्त को फोनकर हत्या की जानकारी देते हुए स्वयं खुदकुशी करने की बात कहकर मोबाइल बंद कर दिया है। पुलिस उसकी पतासाजी में लगी हुई है। सीपत टीआई गोपाल सतपति ने बताया, खैरा निवासी राजकुमारी बर्मन 38 साल के पति की एक साल पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। उसके बाद वह अपने तीन बच्चों के साथ मायके खैरा में रह रही थी। विगत दो माह से उनका देवर तेलसरा निवासी संजय बृजवासी उनके पास आकर रह रहा था। शुक्रवार को उसने अपने भाभी की गमछा से गला दबाकर हत्या कर दी। उसके बाद उसने अपनी बेटी को फोन कर बताया कि उसकी बड़ी मां गलत कर रही थी, इसलिए वह उसकी हत्या कर दिया है और स्वयं खुदकुशी कर लेने की बात कही। उसके बाद उसने अपने एक दोस्त को फोन कर भाभी की हत्या कर स्वयं खुदकुशी करने की बात कहा। उसके बाद वह मोबाइल बंद कर दिया है।

# निगम ने सीढ़ी हटाई, छत पर दो दिन से बंधक बने बुजुर्ग दंपती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम अंतर्गत आने वाले जोन क्रमांक 6 तोरवा में निगम की अजीबोगरीब कार्रवाई सामने आई है। यहां निगम कर्मियों ने जगमल चौक के पास रहने वाले दीपक प्रकाश तिवारी के घर की सीढ़ी तोड़ दी और अपने साथ ले गए। निगम की कार्रवाई के बाद बुजुर्ग दंपति अपने ही घर में कैद हो गए हैं। वहीं 70 वर्षीय दीपक प्रकाश तिवारी और उनकी पत्नी अब घर से बाहर नहीं आ पा रहे हैं। आने जाने का सिर्फ एक ही रास्ता और साधन होने के बाद बुजुर्ग दंपति बहुत मुश्किल में फंस गए हैं। जब इस मामले में जोन कमिश्नर और नगर निगम के अधिकारियों से जानकारी ली गई तो उन्होंने मामले की जानकारी न होने का हवाला दिया है। वहीं बुजुर्ग का कहना है कि सुबह निगम के अतिक्रमण दस्ते की टीम ने अचानक मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दी थी। इस दौरान न तो उन्होंने नोटिस दिया और न हो व्यवस्था बनाने के लिए मौका दिया।

बुजुर्ग ने बताया कि वे हार्ट पेशेंट है और उनकी पत्नी भी बीमार रहती है ऐसे में निगम कर्मियों ने उनकी कोई बात सुने बगैर कार्रवाई कर दी और घर में लगे लोहे की सीढ़ी को उठाकर ले गए। दो दिन से वो घर के अंदर कैद हैं। जरूरत के लिए उन्हें पड़ोसियों को मोबाइल पर काल करना पड़ रहा है। भाजपा पार्षद मोती गंगवानी ने बताया कि, नगर निगम को कार्रवाई करने के पहले वार्ड पार्षद को सूचना देनी चाहिए। निगम ने लेकिन कोई जानकारी नहीं दी। ना ही जिनका कब्जा हटाया गया है उन्हें नोटिस दिया गया।

- **अतिक्रमण अमला मकान की सीढ़ी तोड़कर ले गया**



सीढ़ी टूटने के बाद उपरी मंजिल पर खड़े बुजुर्ग।

# गाली देने से मना करने पर दंपती से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गांजा पीकर गाली देने से मना करने पर नशेड़ियों ने दबंगई दिखाते हुए घर में घुसकर पति पत्नी के साथ मारपीट कर दी। घर में तोड़फोड़ करते हुए कूलर, फ्रिज, बाइक आदि क्षतिग्रस्त कर दिया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, तिफरा महाराणाप्रताप नगर निवासी किरण ठाकुर पति लक्ष्मण ठाकुर 7 मार्च की शाम 7.30 बजे घर में काम कर रही थी। उसी दौरान दाउ उर्फ रितेश यादव, दीपक कश्यप, गोलू साहू उनके घर के पीछे बाड़ी में बैठकर गांजा पीकर गाली गलौज कर रहे थे। किरण ठाकुर बाड़ी में जाकर युवकों को गाली गलौज करने से मना किया, तो युवक गाली गलौज करते हुए मारने के लिए दौड़ाए। वह भागकर घर के अंदर आई तो नशेड़ी घर में घुसकर मारपीट करने लगे। महिला का पति लक्ष्मण बीच बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट करते हुए जमकर तोड़फोड़ की। आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्रित होने लगे, जिसे देखकर नशेड़ी भाग निकले। नशेड़ियों ने तोड़फोड़ करते हुए घर में रखें कूलर, फ्रीज, बाइक क्रमांक सीजी 08 बीएफ, 6425 क्षतिगस्त कर दिया। पीड़ित महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने हमलावर रितेश यादव, दीपक कश्यप, गोलू साहू के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 324, 4, 326, 333, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



- **घर में की जमकर तोड़फोड़**

### दुर्ग-निजामुद्दीन हमसफर में अतिरिक्त कोच

**बिलासपुर।** दुर्ग से निजामुद्दीन के बीच चलने वाली हमसफर एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच की सुविधा दी जा रही है।

रेल प्रशासन ने यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेंलवे से चलने वाली 22867/22868 दुर्ग-निजामुद्दीन और निजामुद्दीन से दुर्ग के बीच चलने वाली हमसफर एक्सप्रेस में एसी 3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा 22867 दुर्ग-निजामुद्दीन हमसफर एक्सप्रेस में 7 से 14 मार्च तक और गाड़ी संख्या 22868 निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस में 8 से 15 मार्च तक रहेगी।

**महिलाओं की सुरक्षा कर रही मेरी सहेली:** महिला यात्रियों के लिए आरपीएफ ने पहल शुरु की है। इसमें मेरी सहेली अभियान में अकेले सफर करने वाली महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना, शक्ति, दुर्गा और देवी स्क्वायड महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए विशेष टीमें, गुमशुदा और तस्करी के शिकार बच्चों को बचाना, निर्भया फंड परियोजना में सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन लगाना शामिल है।
















सुरेश उइके
वार्ड क्रमांक -1
मनोज विश्वकर्मा
वार्ड क्रमांक -2
आयुष सोनी
वार्ड क्रमांक -3
नीलेश साहू
वार्ड क्रमांक -4
अंकुर विश्वकर्मा
वार्ड क्रमांक -5
अल्का ताम्रकार
वार्ड क्रमांक -6
राजेश अग्रवाल "रज्जे"
वार्ड क्रमांक -7
अरुणा चक्रधारी
वार्ड क्रमांक -8
रियाज कुरैशी
वार्ड क्रमांक -9
रोशनी तापस शर्मा
वार्ड क्रमांक -10
अविनाश टुट्टू
वार्ड क्रमांक -11
शाहीना बेगम
वार्ड क्रमांक -12
अमृता मरावी
वार्ड क्रमांक -13
गंगोत्री राठौर
वार्ड क्रमांक -14
विक्रांत रोहणी
वार्ड क्रमांक -15
BJP
नगर एवं समाज के विकास के लिए संकल्पित हमारे प्रिय
श्री मुकेश दुबे जी
प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गौरेला
एवं पार्षदगण के पदभार एवं शपथ ग्रहण की
शुभकामनाएं
श्री मुकेश दुबे जी
ठाकुर राम प्रकाश सिंह
अनीष अंसारी
रवि अग्रवाल
चंदन अग्रवाल